हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं



**खबर संक्षेप**

### रश्मित कौर चावला बनीं एडिशनल एसपी



**बिलासपुर**। राज्य शासन ने नए साल के एक दिन पहले 16 डीएसपी को पदोन्नति का तोहफा दिया है। हेडक्वार्टर डीएसपी के पद पर पदस्थ रश्मीत कौर चावला को एडिशनल एसपी बनाया गया है। डीएवी स्कूल की छात्रा रहीं रश्मित बीआईटी भिलाई की ग्रेजुएट हैं। वे पूर्व में जांजगीर,जीपीएम, एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर एवं एसडीओपी कोटा के पद पर पदस्थ रह चुकी हैं। वे समाजसेवी व कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री राजेंद्र चावला की बेटी हैं।

# अमेरिका के एनजीओ ने गोद लिया तो बदल गई स्लम एरिया के स्कूल की सूरत

**स्मार्ट क्लास, 3 डी लुक के साथ वॉल पेंटिंग**

- पांच साल में ही स्कूल की दर्ज संख्या 112 से 260 तक पहुंची
- गा के साथ ही प्रार्थना और स्किल डेवलपमेंट पर भी काम हो रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर






स्लम बस्ती मन्नाडोल के सरकारी प्राथमिक स्कूल में दर्ज संख्या कम होने के साथ ही पढ़ाई का माहौल नहीं था। बच्चे जमीन पर बैठते थे और हर तरफ गंदगी का माहौल था। न पीने को पानी ना शौचालय। इसी बीच शिक्षक सत्येन्द्र श्रीवास की पोस्टिंग हुई और नवाचार के साथ ही अध्ययन अध्यापन पर खास ध्यान दिया गया। स्कूल में रंगरोगन के साथ ही दीवाल पर चित्रकारी की गई।

राज्य स्तर पर काम की सराहना हुई तो एक मैगजीन के माध्यम से इसकी खबर अमेरिका स्थित एनजीओ आवर एम फांडेशन तक पहुंची। एनजीओ की एक टीम बिलासपुर पहुंची और स्कूल को एक तरह से गोद ले लिया। प्रारंभिक तौर पर स्कूल को स्मार्ट करने के लिए 17 लाख रुपए की राशि दी गई। इस बजट से शिक्षकों ने स्कूल में काम किया और हाल यह है कि आसपास के निजी स्कूलों के छात्र भी सरकारी स्कूल में एडमिशन कराने लगे। दो साल में ही दर्ज संख्या 112 से 260 तक पहुंच गई है। बच्चे स्मार्ट क्लास में पढ़ते हैं तो मध्यान्ह भोजन के लिए अलग से रूम है। योगा के साथ ही प्रार्थना और स्किल डेवलपमेंट पर भी काम हो रहा है। 7 कमरों का सरकारी स्कूल का यह कैंपस सबसे खूबसूरत स्कूलों में से एक बन गया है।

एनजीओ ने गोद लिया तो इस प्राइमरी स्कूल की सूरत बदल गई है। एनजीओ की डायरेक्टर निशा मदानी अमेरिका से बैठकर स्कूल को बेहतर बनाने के बारे में बतातीं रहतीं हैं। स्कूल में सात कमरे हैं और पहली से लेकर पांचवी तक कक्षाएं लगतीं हैं। सभी 11 शिक्षक और छात्र समय पर स्कूल पहुंचते हैं। इसके लिए अनुशासन के कड़े नियम हैं। बस्ती के लोग भी कह रहे हैं कि अब यह स्कूल स्कूल काफी बदला-बदला नजर आ रहा है। शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर में खूबसूरत पेंटिंग की है। मुख्य गेट से लेकर स्कूल कैंपस के पेड़ यहां तक की बाहरी और अंदर की दीवारों को भी अलग लुक दिया गया है। इससे बच्चे आकर्षित हो रहे हैं और उन्हें कई नई चीजों को समझने और पढ़ने में भी मदद मिल रही है। स्कूल में 3 डी लुक के साथ वॉल पेंटिंग बनवाई गई है।

#### दीवारों पर जागरूकता संदेश

स्कूल की छत को आकाशगंगा का रूप दिया गया है, जो सबसे अधिक आकर्षित लग रहा है। इससे बच्चे सौरमंडल के बारे में अच्छे से जान सकेंगे। यही नहीं स्कूल की एंट्री पर ग्रिल को पेंसिल का लुक दिया गया है और पेंसिल के रंग से ही तैयार किया गया है, जो खुद में काफी आकर्षित लग रहा है। अलग-अलग दीवारों पर जागरूकता संदेश दिए गए हैं।

#### पेड़ों पर भी अलग-अलग कलाकारी

पेड़ों पर भी अलग-अलग कलाकारी दिखाई गई है। स्कूल कैंपस में बड़ी संख्या में पेड़ हैं। इनमें शिक्षकों की ओर से अलग-अलग रंगों के साथ पेंटिंग की गई है। साथ ही हेड ऑफिस, क्लास रूम में जाने वाले प्रत्येक दरवाजे, ओपन एरिया, स्कूल की सीढ़ियां, स्कूल में रखे गए गमले भी काफी सुंदर तरीके से पेंट किए गए हैं।

#### स्मार्ट क्लास और स्मार्ट लाइब्रेरी

स्कूल में स्मार्ट क्लास के साथ ही स्मार्ट लाइब्रेरी भी है। मिड डे मिल के लिए अलग से कमरा है जहां बच्चे कतार में नहीं बल्कि बैठकर आराम से खाते हैं। स्कूल में स्वंय का बोर भी कराया गया है जिससे साफ पानी स्टूडेंट को मिल रहा है। पूरे परिसर को सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्रीवाल बनाया गया है। स्कूल में हर शनिवार को योगा कराया जाता है जो सभी बच्चों के लिए अनिवार्य है।

#### बाटल का पानी हर शाम पौधों पर

स्कूल में हरियाली और पौधरोपण पर भी खास ध्यान दिया गया है। बच्चे जो पीने का पानी बोतल में लाते हैं उन्हें यह आदत डाली गई है कि वह जब स्कूल से घर जाएं तो पौधों में पानी डालते जाएं। बच्चों में इससे हरियाली के प्रति प्रेम जागृत हो रहा है।

### एसईसीएल के सीएमडी ने कहा- सैकड़ों परिवारों को नई उम्मीद मिली

# भूमि एवं पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता, सीएसआर पर भी ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास बातचीत




बुधवार को एसईसीएल मुख्यालय में सीएमडी हरीश दुहन को हरिभूमि का कैलेण्डर भेंट किया गया। इस दौरान हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, एसईसीएल के जनसंपर्क प्रमुख डॉ सनीश चंद्र उपस्थित थे।

वर्ष 2025 एसईसीएल के लिए चुनौतियों के बीच ठोस प्रगति का वर्ष रहा जिसने हमारे उत्पादन की नींव को मजबूत किया। अधिक मानसून, भूमि अधिग्रहण और लॉजिस्टिक्स जैसी बाधाओं के बावजूद हमने भूमि एवं पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसका परिणाम यह रहा कि अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच कोरबा स्थित हमारी मेगा परियोजनाओं के लिए 236 हेक्टेयर भूमि का पजेशन प्राप्त किया गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आँकड़ा मात्र 29 हेक्टेयर था। इसी तरह, भूमि स्वामियों के दावों के त्वरित निपटारे पर फोकस करते हुए मुआवज़ा भुगतान 74 करोड़ से बढ़कर 241 करोड़ तक पहुँच गया। पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई और 736 परियोजना-प्रभावित परिवारों का सफल पुनर्वास किया गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 163 परिवारों की थी। सीएसआर के माध्यम से हमारी फ्लैगशिप योजनाएँ 'एसईसीएल के सुश्रुत' और 'एसईसीएल की धड़कन' चलाई जा रही हैं। 'सुश्रुत' के ज़रिये कोयलांचल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग मिल रही है, जिससे कई परिवारों का सपना साकार हो रहा है। वहीं 'धड़कन' योजना जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायिनी पहल बनकर सामने आई है और सैकड़ों परिवारों को नई उम्मीद मिली है।

हरिभूमि से बातचीत के दौरान एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2025 की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में मिली प्रगति है जिसके फलस्वरूप हमें उत्पादन बढ़ाने और लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस कैलेंडर वर्ष में 750 से अधिक भू-विस्थापितों को रोजगार प्रदान किया गया, जो हमारी समावेशी विकास नीति को दर्शाता है। इसके साथ ही, यह वर्ष कोयला उद्योग में नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए भी याद किया जाएगा। बिलासपुर मुख्यालय में कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिला-संचालित डिस्पेंसरी, गेवरा में ऑल-वुमन सीबीएम लैब और कोरबा में पहली ऑल-वुमन सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत ने यह सिद्ध किया कि महिलाएँ हर क्षेत्र में नेतृत्व करने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खनन क्षेत्र में निजी कंपनियों के आने से एसईसीएल के उत्पादन पर असर नहीं पड़ेगा।

#### बढ़ती ऊर्जा मांग व आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि देश की बढ़ती ऊर्जा मांग और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 2026 में एसईसीएल की रणनीतिक प्राथमिकताएँ पूरी तरह स्पष्ट हैं। हमारा फोकस उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्ता, सुरक्षा और सततता पर समान रूप से रहेगा। हम यह मानते हैं कि केवल अधिक उत्पादन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सुरक्षित खनन, बेहतर कोयला गुणवत्ता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, तकनीक और आधुनिक लॉजिस्टिक्स के माध्यम से परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, ताकि उत्पादन और डिस्पैच दोनों में स्थिरता लाई जा सके। हमारे लिए हमारे लोग और हमारे समुदाय इस विकास यात्रा का केंद्र हैं। इसलिए कर्मचारियों की सुरक्षा, कौशल विकास और कल्याण के साथ-साथ परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि एसईसीएल न केवल देश की ऊर्जा जरूरतों को मजबूती से पूरा करे।

#### 2026 होगा "टेक्नोलॉजी ड्रिवन ट्रांसफॉर्मेशन

उन्होंने कहा कि एसईसीएल ने भूमिगत खनन, पेस्ट फिल तकनीक और कंटीन्यूअस माइनर जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। इसलिए निश्चित रूप से 2026 को हम "टेक्नोलॉजी ड्रिवन ट्रांसफॉर्मेशन" के वर्ष के रूप में देख रहे हैं। भूमिगत खनन में पेस्ट फिल तकनीक को अपनाने वाला पहला कोल पीएसयू बनने की दिशा में हमारे कदम से न सिर्फ भूमिगत खदानों से ज़्यादा उत्पादन हो सकेगा साथ ही साथ आस-पास के ईको-सिस्टम पर भी न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा और खनन और सुरक्षित होगा। इसके साथ ही कंटीन्यूअस माइनर का विस्तार और 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी उपकरणों को प्रोत्साहन, यह सभी पहल सुरक्षित, टिकाऊ और भविष्य-उन्मुख खनन की ओर संकेत करती हैं। तकनीक के माध्यम से हम उत्पादकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी समान महत्व दे रहे हैं।

#### श्रमिकों के कौशल, सुरक्षा मनोबल पर ध्यान

सीएमडी श्री दुहन ने बताया कि मानव संसाधन एसईसीएल की सबसे बड़ी ताकत है। नए वर्ष में हमारा फोकस कर्मचारियों और श्रमिकों के कौशल विकास, सुरक्षा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर रहेगा। हमारा प्रयास है कि हर कर्मचारी सुरक्षित, सम्मानित और प्रेरित महसूस करे, ताकि वह संगठन की प्रगति में अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान दे सके। कोयला उत्पादन के साथ पर्यावरण संरक्षण एसईसीएल की प्राथमिकताओं में हमेशा से रहा है। वर्ष 2026 में हम "ग्रीन और रिस्पॉन्सिबल माइनिंग" को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। मियावाकी तकनीक के तहत विकसित ग्रीन बेल्ट्स को अब और विस्तार दिया जाएगा, ताकि खनन क्षेत्रों में तेजी से हरियाली बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही, हम जिम्मेदार माइन क्लोज़र पर भी विशेष फोकस कर रहे हैं, जिसमें खनन के बाद भूमि का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्विकास किया जाता है। कोरबा क्षेत्र में नए इको-पार्क्स विकसित करने की योजना है, ताकि उपयोगी सार्वजनिक स्थलों में बदल सकें।

# जनवरी से मिलेगी डबल सप्लाई, नेहरू नगर जोन के 8 हजार उपभोक्ताओं को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- काफी समय से की जा रही थी मांग

नेहरू नगर जोन व सर्किट हाउस सबस्टेशन को डबल सप्लाई जनवरी से शुरू हो रही है। 2 करोड़ रूपए की खर्च कर बिजली विभाग द्वारा 8 हजार उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली मुहय्या कराई जाएगी। सबस्टेशन के ट्रांसफार्मर चार्ज किए जा चुके हैं।

अरपा पार से कुदुदंड होते हुए नेहरू नगर जोन को अतिरिक्त बिजली सप्लाई जल्द ही शुरू हो सकती है। बिजली विभाग ने इसके लिए तैयारी कर ली है। अरपा नदी के शिवघाट और शिव चौक कुदुदंड बैराज के नजदीक दोनों टॉवर की टेस्टिंग पूरी कर ली है। कोनी सबस्टेशन की 33 केवी लाइन की सप्लाई सीधे तौर पर सर्किट हाउस सबस्टेशन तक पहुंचाई जाएगी। ज्ञात हो कि करीब 3 साल पहले निर्माण कार्य व संसाधनों में बिजली विभाग 2 करोड़ रूपए लगा चुका है। हाल ही में पश्चिम डिवीजन के कार्यपालन यंत्री बीबी नेताम ने टॉवरों को दुरूस्त कर लाइनों को शुरू करने का बीड़ा उठाया है। लाइन शुरू करने के लिए आ रही बाधाओं को दूर कर लिया गया है। ऐसे में क्षेत्र के 8 हजार उपभोक्ताओं को अब बिजली बंद होने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

#### गर्मी में निर्बाध रहेगी बिजली

खास बात यह है कि गर्मी के दिनों में कुदुदंड, नेहरू नगर, कलेक्टोरेट, मंगला क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद की समस्या कुछ समय से बढ़ चुकी है। ऐसे में डबल सप्लाई मिलने से बिजली बंद के दौरान तत्काल सप्लाई नार्मल की जा सकेगी। एक बार सप्लाई शुरू होने के बाद तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला लोड भी कम हो सकेगा।

**लाइन दुरूस्त है**

क्षेत्र के लोगों की समस्या को देखते हुए डबल सप्लाई शुरू करना जरूरी था। इसके लिए तैयारी की गई है। जनवरी के पहले हफ्ते या दूसरे हफ्ते में सप्लाई शुरू हो जाएगी।

**- बीबी नेताम,** ईई, पश्चिमी डिवीजन

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण का
कैलेण्डर (पंचांग) 2026




निःशुल्क वितरण

अपने सम्माननीय पाठकों के लिए कैलेण्डर (पंचांग) का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है
आज के अंक के साथ कैलेण्डर (पंचांग) 2026
अपने एजेंट/हॉकर/ से लेना ना भूलें।

# तीनों स्थानों से 4.80 लाख का अवैध धान जब्त



**बिलासपुर**। जिला प्रशासन की अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जांच टीम ने तीन स्थलों पर छापामार कार्रवाई कर 4.80 लाख रूपए के अवैध धान जब्त किए गए।

आरोपियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि तीन संस्थाओं में 390 बोरी 155 क्विंटल धान बरामद किया गया है। राजस्व विभाग के नेतृत्व में खाद्य एवं मण्डी विभाग के अधिकारियों से बनी टीम द्वारा छापे की कार्रवाई की गई। इनमें कृषि उपज मंडी समिति क्षेत्र अंतर्गत मुरकुटा के एक व्यापारी से 63 बोरी 25 क्विंटल धान, कृषि उपज मंडी समिति कोटा क्षेत्र अंतर्गत दिनेश राज लोरमी के वाहन से 100 बोरी 40 क्विंटल धान और कर्मा ट्रेडर्स चंगोरी कोटा के संस्थान से 227 बोरी 90 क्विंटल धान शामिल हैं। अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अब तक जिले में अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के कुल 56 प्रकरण तैयार किये गए हैं।

सत्रहवीं पुण्यतिथि



पूज्यनीय पिताजी
स्व. श्री सतीश दुबे जी
मनीष दुबे (राजू), डॉ. मानस दुबे (धीरज), पं. सुदेश दुबे 'साथी'
नीरज दुबे (कमिश्नर), पं. भगवती प्रसाद दुबे (बल्लू), सिद्धांत, पृथ्वी, उदयन,
मुकेश तिवारी (बाबा), निक्की दुबे, संजय श्रीवास, प्रिंस सलूजा, राजू श्रीवास
सत्य गुप्ता, संजय रजक, देवेन्द्र शर्मा, छोटू यादव, मनीष दुबे (CA), विजय दुबे, राजेश यादव



पुत्र - मधुर दुबे (सोनू)
गंगा विष्णु भवन, गोड़पारा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. : 9300320199, 9425540849

## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राम्हण विकास मंच का कार्यक्रम 15 को



**बिलासपुर।** समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं.सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड में भगवान परशुराम मंदिर परिसर में 15 जनवरी को सुबह 10 बजे से मकर संक्रांति पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रारंभ में भगवान परशुराम की महाआरती, हनुमान चालीसा पाठ, हवन पूजन के बाद दो प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, युवा प्रकोष्ठ द्वारा पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अंत में सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया है। इस दौरान विकास मंच ने स्वतंत्रता सेनानी एवं मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री की 69 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कांग्रेस ने मनाई पंडित रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा बुधवार को कांग्रेस भवन में अविभाजित मधय प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वतन्त्रता सेनानी स्व. पंडित रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय थे और कांग्रेस के 13 वें अमरावती अधिवेशन शामिल हुए थे। 1936 -37 के त्रिपुर अधिवेशन में सक्रिय भूमिका निभाई। पंडित शुक्ल, गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर असहयोग आंदोलन में शामिल हुए और उन्हें सजा हुई तथा कई बार जेल जाना पड़ा। 1 नवम्बर 1956 को पृथक मध्यप्रदेश बना तो मुख्यमंत्री पंडित शुक्ल ही बनें, उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास में अहम भूमिका निभाई और भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना की। कांग्रेस भवन के कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, संयोजक जफर अली, हरीश तिवारी, त्रिभुवन कश्यप, विनोद शर्मा, विनोद साहू, जिग्नेश जैन ,सत्येंद्र तिवारी, मोह शाहनवाज, शुभलक्ष्मी सिंह, सुदेश नन्दिनी, हेरि डेनिएल, दीपक रायचेलवार, घनश्याम कश्यप आदि उपस्थित थे।

### स्कूल-कॉलेजों में आयोजित होंगे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** जिले के युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्यों एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है, जिसके अनुसार हायर सेकेण्डरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भरवाए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक आदि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विभिन्न नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जाएगा। पूर्व में गठित मतदाता साक्षरता क्लबों को पुनः ऐक्टिवेट किया जाएगा। लोगों को जागरूक करने के लिए जिले द्वारा संधारित अधिकारिक सोशल मीडिया के माध्यम से नियमित रूप से मतदाता जागरूकता पर आधारित कंटेंट साझा किये जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं से अपील है कि वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं और अपने मताधिकार के महत्व को समझें।

### न्यू मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेलकूद का समापन



**बिलासपुर।** न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह एवं डबरीपारा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन किया गया। इसमें कबड्डी, क्रिकेट, दौड़, बोरा दौड़, नींबू चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, तीन पैर दौड़, जलेबी दौड़ में छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समारोह की मुख्य अभ्यागत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती किरण सिंह थी। खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं साधना श्रीवास्तव, दिनेश साहू, पंचराम साहू, नीलिमा गुप्ता, नवरात्रि चौहान, वर्ष दुबे, शिवकुमारी प्रजापति, भुनेश्वरी साहू, हिमांशी कदम, पुष्पा लाल एवं प्रधानाचार्य विश्वजीत सिंह का विशेष योगदान रहा। इस दौरान कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के भाग लेने वाले विद्यार्थियों में विजेता प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# पक्षियों की रंग बिरंगी तस्वीरों से सजी बिलासा ताल की दीवारें


**अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट की मान्यता कोपरा जलाशय को दिए जाने के बाद वन विभाग ने अब नव वर्ष की तैयारी के लिए बिलासा ताल की दीवारों को रंग बिरंगे पक्षियों की तस्वीरों से सजाना शुरु कर दिया है, जो बिलासा ताल में नव वर्ष मनाने के लिए आने वाले सैलानियों के लिए एक अलग आकर्षण का केन्द्र रहेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर









वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रामसर मान्यता से कोपरा जलाशय की पहचान बढ़ने लगी है। शहर के हरित धरोहर छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व का विषय है कि हाल ही में कोपरा जलाशय को अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट का दर्जा प्राप्त हुआ है।

यह मान्यता कोपरा की जैव-विविधता, विशेषकर प्रवासी एवं स्थानीय पक्षी प्रजातियों की महत्ता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करती है। रामसर मान्यता के इसी आधार पर वन विभाग द्वारा बिलासपुर स्थित बिलासा ताल को संवारा गया है। कोपरा क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न पक्षी प्रजातियों की आकर्षक पेंटिंग्स से बिलासा ताल की बाहरी दीवारों को बनाया गया है, जिससे आने वाले सैलानियों को प्रकृति, पक्षियों और आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश मिल रहा है। इस संपूर्ण पहल में वन विभाग की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका रही है। रामसर मान्यता के बाद विभाग द्वारा यह प्रयास किया गया कि कोपरा की जैव-विविधता और पक्षी प्रजातियों की जानकारी शहर के आम नागरिकों तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से बिलासा ताल को चुना गया, जहां कला और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए पक्षी चित्रों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य किया गया है। वन विभाग की टीम द्वारा योजना, समन्वय एवं क्रियान्वयन के माध्यम से यह कार्य कम समय में पूर्ण किया गया, जिससे यह स्थल पर्यावरणीय संदेश देने वाले एक आकर्षक सार्वजनिक स्थान के रूप में उभर सका। इन चित्रों में जलपक्षियों, प्रवासी पक्षियों एवं स्थानीय प्रजातियों को जीवंत रूप में दर्शाया गया है, जो न केवल तालाब परिसर की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं।

#### अंदर का भी होगा कायाकल्प

वन विभाग बिलासपुर के रेंजर शुभम मिश्रा ने बताया कि बिलासा ताल परिसर में आगामी चरण में आंतरिक संरचनाओं की मरम्मत पैदल पथ एवं बैठने की व्यवस्था का सुधार, हरियाली एवं पार्क क्षेत्र का पुनर्विकास जैसे कार्य प्रस्तावित हैं, जिससे यह पार्क एक बार फिर नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। कोपरा को रामसर साइट का दर्जा मिलना और उसके प्रभाव से बिलासा ताल का यह सौंदर्यीकरण यह दर्शाता है कि वन विभाग संरक्षण के साथ-साथ जन-जागरूकता और शहरी पर्यावरण सुधार की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहा है। आने वाले समय में विकास कार्य पूर्ण होने के बाद बिलासा ताल एक स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरणीय चेतना से परिपूर्ण स्थल के रूप में विकसित होगा, जहां नागरिक प्रकृति से जुड़कर रक्षण का महत्व समझ सकेंगे।

### स्वास्थ्य को लेकर अंचल में बिलासपुर का होगा नाम

# जिले की नब्ज संभालने स्वास्थ्य विभाग की तैयारी, सिम्स बनेगा सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े शहर बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरूस्त करने की कवायद तेज हो चुकी है, आने वाले सालों में सिम्स इस मामले में सिरमौर साबित होगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रिटिकल केयर यूनिट, ब्लॉकों में 100 बिस्तर के अस्पताल, और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के जीर्णद्वारा का बीड़ा उठाया है।

- **नए सिम्स, क्रिटिकल केयर यूनिट, और अस्पताल का होगा निर्माण**

सिम्स मेडिकल कालेज द्वारा इसी साल से कोनी में मेडिकल हब बनाया जाएगा। जहां सुपर स्पेशियालिटी और कैंसर अस्पताल के बाद सिम्स कालेज और अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। 40 एकड़ जमीन पर मेडिकल कालेज बनाया जाएगा, इसके लिए सीजीएमएससी को जिम्मेदारी दी गई है, इस साल निर्माण कार्य शुरू होने की बात अधिकारियों के द्वारा कही जा रही है। सिम्स प्रबंधन के द्वारा 700 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। बताया जा रहा है यहां रोजाना 2 हजार ओपीडी और 1200 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा। आधुनिक सर्जरी और इसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए रोबोटिक सर्जरी की तैयारी भी सिम्स द्वारा की जा रही है, इसके लिए सीएसआर मद से एचयूडीसीओ द्वारा 2.5 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। वहीं एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के कौशल और दक्षता को पूर्णता प्रदान करने वर्चुअल एनाटमी टेबल भी मुहय्या कराई जाएगी।



#### अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन की सौगात

नववर्ष के अवसर सिम्स में अत्याधुनिक सी आर्म मशीन की सौगात मिल चुकी है। आर्थोपेडिक विभाग में कार्यरत चिकित्सकों ने लिए यह बेहद कारगर साबित होगी।

#### जिला अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर यूनिट

करीब 19 करोड़ की लागत से सीजीएमएससी द्वारा जिला अस्पताल में 75 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जाएगा। इसका ठेका भी रायपुर के मेसर्स कनवल जैन को दिया गया है।

#### रतनपुर में बनेगा 100 बेड का अस्पताल

कोटा ब्लॉक के रतनपुर में जल्द ही 100 बेड का अस्पताल कानिर्माण किया जाएगा। इस अस्पताल का निर्माण भी सीजीएमएससी द्वारा किया जाना है।

#### साकार लेगी परिकल्पना

सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज ना केवल जिले बल्कि प्रदेश में अव्व्ल है। सीमित संसाधन के बावजूद यहां के डाक्टर हाल के दिनों में सिम्स प्रदेश स्तर के अस्पतालों में शामिल हो चुका है। आने वाले सालों में भी नए सिम्स की परिकल्पना साकार रूप लेगी।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

#### की गई है तैयारी

नए साल के पहले ही सिम्स के सी आर्म मशीन लाई गई है, यह आर्थोपेडिक और सर्जरी विभाग के लिए सहायक सिद्ध होगी। नए साल के लक्ष्यों को लेकर हमने तैयारी की है, जिसे आने वाले कुछ ही महीनों में पूरा किए जाने की उम्मीद है।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

#### विकसित की जाएंगी सुविधाएं

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर प्रसार हो रहा है, जहां फील्ड में डाक्टरों की कमी को पूरा किया गया है, वहीं अधोसंरचना का विकास किया गया है। क्रिटिकल केयर यूनिट, नवीन अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुधार किया गया है। नए सालों में कई नई स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जाएगी।

**-डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

## नव वर्ष में सैलानियों को संभालेंगे कानन के 200 से अधिक कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

1 जनवरी गुरुवार को नव वर्ष मनाने के लिए कानन पेण्डारी जू में 25 हजार से अधिक सैलानियों की संभावना व्यक्त की जा रही है, जिसे संभालने के लिए कानन प्रबंधन ने बिलासपुर के अलावा अन्य वन मंडल के 200 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के अलावा अन्य तैयारियां पूरी कर ली है।



प्रतिवर्ष कानन पेण्डारी जू में सैलानियों की भीड़ बच्चों की शीतकालीन और क्रिसमस की छुट्टियां लगने के साथ ही शुरु हो जाती है। नव वर्ष में कानन पेण्डारी जू में पिकनिक मनाने और नए साल में भ्रमण करने के लिए 20 हजार से अधिक सैलानी पहुंचते हैं, जिनकी भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें संभालना भी मुश्किल हो जाता है। कानन पेण्डारी जू प्रबंधन सैलानियों की भीड़ को संभालने और व्यवस्थित करने के लिए एक माह पहले से तैयारी करती है, लेकिन उनकी व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो जाती है। इसी तरह एक जनवरी की शुरुआत गुरुवार से हो रही है। एक जनवरी को लोग मंदिर के अलावा अन्य स्थानों के साथ कानन पेण्डारी जू में पिकनिक और नव वर्ष मनाने के लिए पहुंचते हैं। जू प्रबंधन इस वर्ष 25 हजार से अधिक सैलानियों के पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रही है। इसके लिए मुख्य रूप से गेट नम्बर एक और गेट नम्बर दो पर आने-जाने की व्यवस्था के अलावा चार टिकिट काउंटर बनाए गए हैं। इसमें एक टिकिट काउंटर को महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। वहीं भीड़ को संभालने के लिए बिलासपुर वन मंडल, अचानकमार टाइगर रिजर्व, मुंगेली वन मंडल, मरवाही, पेण्ड्रा व अन्य मंडल के 150 से अधिक कर्मचारियों के अलावा एनसीसी 7 बटालियन के कैडेट्स भी रहेंगे। इसके अलावा उसलापुर रोड ओवरब्रिज से सकरी होते हुए कानन पेण्डारी जू तक ट्रैफिक विभाग के स्टाफ मौजूद रहेंगे, इस दौरान सुबह 9 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक हैवी गाड़ियों की आवाजाही प्रतिबंधित की जाएगी। जू के अंदर अग्निशमन गाड़ियों के अलावा डॉक्टर की टीम भी मौजूद रहेगी, जो आपातकालीन व्यवस्था में कानन प्रबंधन का सहयोग करेगी।

- **25 हजार से लानियों की संभावना, जू प्रबंधन ने की तैयारी पूरी**

## कमजोर आदिवासियों को न्याय दिलाने करें सहयोग : तोखन



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला एवं तहसील अधिवक्ता संघ का वन भ्रमण, वन महोत्सव का आयोजन जंगल मितान द्वारा शिवतराई अचानकमार टाइगर रिजर्व में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने उपस्थित अधिवक्ताओं से आदिवासी संस्कृति की रक्षा एवं आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासियों को न्याय दिलाने में सहयोग करने की अपील की।

महोत्सव में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि महंत विवेक गिरी गौरकापा धाम, संरक्षक अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्य शैलेन्द्र दुबे, प्रभाकर सिंह चंदेल, चन्द्र प्रकाश जांगड़े, रुपेश त्रिवेदी, आलोक कुमार गुप्ता, अनिल सिंह चौहान, रवि सिंह राजपूत, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष शुक्ला, पूर्णेन्दू कुमार भट्ट को सम्मानित किया गया। इस मौके पर न्यायमूर्ति सीबी. बाजपेयी, स्वामी निजानंद, स्वामी शिवसहाय महाराज, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, अरुण सिंह चौहान, चन्द्रप्रदीप बाजपेयी, जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर के विनोद यादव, पी.आर. श्रीवास, हरीश चेलकर आदि उपस्थित थे।

## सीयू में शुरु हुआ स्टूडेंट्स फार सेवा सेवार्थ विद्यार्थी आयाम

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी इकाई के छात्रों ने स्टूडेंट्स फॉर सेवा आयाम शुरू किया है। इसके तहत शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए गरीबों, जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल बांटने का अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों रेलवे स्टेशन, शासकीय अस्पतालों व मंदिर परिसरों में जरूरमंदों को कंबल बांटा जा रहा है।

इस सेवा अभियान का उद्देश्य ठंड के मौसम में असहाय, गरीब एवं बेसहारा लोगों को राहत प्रदान करना है। इस अभियान का नाम स्टूडेंट्स फॉर सेवार्थ विद्यार्थी आयाम एसएफएस रखा गया है। एसएफएस के छात्र स्वयं विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सेवा कार्य कर रहे हैं और समाज के वंचित वर्ग के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है। एसएफएस के संयोजक छात्र विशाल आनंद ने बताया कि सेवा केवल विचार नहीं बल्कि कर्म का विषय है। ठंड में किसी जरूरमंद को कंबल देना केवल सहायता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। इसी भावना के साथ छात्रों ने यह पहल की है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाया जा सकें। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आराध्य तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरायित्व निभाना भी है। स्टूडेंट्स फॉर सेवा के माध्यम से पिछले वर्ष इस कंबल वितरण अभियान से लगभग 500 लोगों को लाभ पहुंचा था और इस वर्ष हमारा लक्ष्य एक हजार जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का है। ऐसे सेवा कार्य युवाओं में संवेदना और सामाजिक चेतना को सशक्त करते हैं। एसएफएस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। यह अभियान छात्रों के सेवा भाव और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रेरणादायक उदाहरण रहा।

- **सीयू एबीवीपी इकाई के छात्र जरुरतमंदों को नि: शुल्क बांट रहे कंबल**

## एसईसीएल कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**बिलासपुर।** दिसम्बर के अंतिम दिन एसईसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले चार कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक कार्मिक बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक योजना/परियोजना रमेश चन्द्र महापात्र एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्यालय स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर्मचारियों को सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वालों में दीपक पंड्या महाप्रबंधक खनन, अनिल कुमार पांडेय महाप्रबंधक औ अभि औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग, प्रीतिश रंजन टीकादर वरीय प्रबंधक वि/यां योजना परियोजना विभाग, करन कुमार कनोजिया सीनियर डुप्लीकेट ऑपरेटर योजना परियोजना विभाग शामिल रहे। प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रबंधन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की।

# ट्रेन लेट और रद्द होने के बाद भी बिलासपुर से 1 लाख 70 हजार यात्रियों ने किया सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों की लेट लतीफी और अधोसंरचना व अन्य कारणों से रद्द होने के बावजूद बिलासपुर रेल मंडल में यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई। अप्रैल से लेकर नवम्बर तक यानि 9 माह के अंतराल में बिलासपुर डिवीजन से चलने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट सहित अन्य ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 1 लाख 70 हजार से अधिक रही, जिससे रेल प्रशासन ने 315 करोड़ रुपए का राजस्व आय अर्जित किया।


वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह अप्रैल से नवंबर तक लगभग 1 लाख 90 हजार यात्रियों का परिवहन करते हुए 315 करोड रूपये का राजस्व अर्जित किया गया, जो कि पिछले वर्ष के यात्रियों की संख्या की तुलना में 17 प्रतिशत तथा यात्री आय में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार टिकट चेकिंग अभियान से लगभग 2 लाख 40 हजार मामलों से 12 करोड 58 लाख रूपये की आय प्राप्त हुआ, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामलों में 86.25 फीसदी तथा आय में 86.42 फीसदी अधिक है। इसके साथ ही पार्सल, पार्किंग, पब्लिसिटी तथा गैर किराया राजस्व प्राप्ति में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मंडल रेल प्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा अपने समर्पित रेलकर्मियों के सतत एवं अनुशासित प्रयास से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह अप्रैल से नवम्बर में यात्री सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत वित्तीय वर्ष में यात्री सुविधाओं से संबंधित कुल 48 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 418 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त 23 कार्यों के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी लागत लगभग 206 करोड़ रुपये है।

- **9 माह में सफर वाले यात्रियों से बिलासपुर रेल मंडल ने की 315 करोड़ रुपए की कमाई**

#### सात महत्वपूर्ण कार्यों का प्रशासनिक अनुमोदन

बिलासपुर मंडल में सात महत्वपूर्ण कार्यों का प्रशासनिक अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है, जिनकी अनुमानित लागत 85 करोड़ रुपये है। इन कार्यों में रायगढ़, उसलापुर एवं अनूपपुर स्टेशनों में द्वितीय प्रवेश द्वार का प्रावधान, स्टेशनों में नए फुटओवर ब्रिज का प्रावधान, उन्नयीकरण व विस्तारीकरण, प्लेटफार्मों का ऊंचाई बढ़ाना, अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर, अतिरिक्त बैठक व्यवस्था, प्रतीक्षालयों एवं प्रवेश द्वार का उन्नयीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा यात्रियों के लिए अन्य आधुनिक सुविधाओं का विकास आदि शामिल है। इन विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों एवं यात्री सेवा परिसरों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना, यात्रियों के यात्रा अनुभव को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।

## टिकिट चेकिंग में बिलासपुर रेलवे में चौथें नम्बर पर



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा टिकट चेकिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है। मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कुशल निर्देशन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा स्टेशनों एवं ट्रेनों में निरंतर और सघन टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम आठ माह अप्रैल से नवम्बर के दौरान मंडल वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा व्यापक एवं सघन टिकट जांच की गई। इसके परिणामस्वरूप मंडल ने टिकट चेकिंग से 12.70 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो कि वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 89 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इस शानदार उपलब्धि के साथ बिलासपुर मंडल ने टिकट चेकिंग अर्जन में 89 प्रतिशत ग्रोथ दर्ज करते हुए भारतीय रेलवे के चौथे सर्वश्रेष्ठ ग्रोथ वाले मंडल के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान अवधि में मंडल द्वारा टिकट चेकिंग से 6.80 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया था। इसके मुकाबले वर्तमान वित्तीय वर्ष में दर्ज की गई वृद्धि मंडल के वाणिज्य विभाग की सुदृढ़ रणनीति, प्रभावी निगरानी, टिकट चेकिंग की प्रक्रिया में भी सटीकता एवं जवाबदेही सुनिश्चितता हेतु टिकट चेकिंग कर्मचारियों को उपलब्ध कराये गए अत्याधुनिक बॉडी वॉर्न कैमरा एवं वॉकी-टॉकी एवं कर्मठ कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

# सार्वजनिक उपयोग के लिए दान में दी जमीन, अब हो रहे सामाजिक कार्य




टेकचंद कारड़ा ⏭ तखतपुर


आज जहां लोग एक-एक फीट जमीन के लिए आपस में लड़ाई करने लगते हैं। वही कुछ ऐसे भी व्यक्ति हैं जो लाखों की जमीन को यूं ही दान कर देते हैं, जिसका उपयोग सार्वजनिक रूप से किया जाता है। ऐसी ही एक जमीन बेलसरी निवासी ने ब्राह्मण समाज तखतपुर को दान की है। उनका उद्देश्य है कि समाज के लोग एक जगह बैठकर सामाजिक गतिविधियों की चर्चा करें और समाज को मजबूत बनाने के लिए काम करें। बेलसरी निवासी माखनलाल पांडे ने छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद तखतपुर को लगभग 12 डिसमिल जमीन दान में दी थी। उनका उद्देश्य था कि समाज के सभी लोग उसे जमीन पर एक भवन बनकर सामाजिक गतिविधियों का भी संचालन करें तथा समाज के युवा और अन्य जनों को मार्गदर्शन भी करें और इस दान की जमीन पर तखतपुर ब्राह्मण समाज का एक भवन बना हुआ है जहां पर समाज के लोग अपने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भवन पर करते हैं।

## खेत बेचकर बनवाया मंदिर



पत्नी ने पति के नाम मंदिर बनाये जाने का स्वप्न में देखा तो उन्होंने उसे हकीकत बना दिया। ग्राम पंचायत चितावर में मानमती सिंगरौल पति स्व. भाऊराम सिंगरौल को एक बार स्वप्न आया कि उनके पति ने मंदिर बनवाया है। कुछ समय बाद श्रीमती सिंगरौल ने सरपंच देवा सिंगरौल बालाराम, चिंताराम, शंकर सिंगरौल से चर्चा की। सरपंच के सुझाव पर देव सरोवर तालाब अंदर का निर्माण कराने को कहा गया। जिस में खर्च 10 लाख तक अनुमानित था। मंदिर का आकार एवं बीच तालाब में रास्ता के कारण फिर उसमें निर्माण में 18 लाख की लागत में पूर्ण हुआ। इस तरह से मानमती सिंगरौल, स्व भाऊराम सिंगरौल का सपना भी पूर्ण हो गया। मानमती सिंगरौल ने अपने हिस्से के खेत की बिक्री कर देव सरोवर तालाब में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर निर्माण कराकर स्वप्न की बात को हकीकत में पूरा कर दिखाया।

## नए वर्ष के स्वागत के लिए सजा महामाया मंदिर



नए वर्ष का स्वागत लोगों ने अपने अपने हिसाब से करने का प्लान बना लिया है। नए वर्ष के स्वागत के लिए महामाया मंदिर को फूलों से सजाया गया है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी देर रात तक साउण्ड सिस्टम के माध्यम से गाना और डांस कर लोग बीते वर्ष की विदाई और नए वर्ष का स्वागत करेंगे। देर रात तक युवा बच्चें गाने में थिरकेंगे और नए वर्ष का स्वागत करेंगे इसके साथ ही सभी अपने अपने पसंद के अनुरूप स्थलों पर भ्रमण के लिए जाऐंगे तो कहीं आसपास के खुड़िया, बेलपान, बीजा, पड़रिया डेम में पिकनीक मनाने के लिए जाएंगे और नए वर्ष का जश्न मनाएंगे। नए वर्ष की स्वागत के लिए बाजार में केक के लिए जगह जगह स्टाल लगाए गए हैं और आज दिनभर केक खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देर रात तक केक खरीदने के लिए डंटी रही। बुजुर्ग, युवा, महिलाएं मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन कर नए वर्ष की शुरूआत करेंगे। इसके लिए मंदिरों में भी तैयारी की गई है।

# खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद केंद्रों में भेजे जा रहे सीसीटीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद खरीदी केन्द्रो में राज्य स्तर पर सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति जाने को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जब खरीदी केन्द्रों में जबकि पहले से ही सीसीटीवी कैमरा लगाए जा चुके हैं, ऐसे में इस लेटलतीफी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में धान खरीदी की आधी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है एवं पहले ही खरीदी केन्द्रों मे सीसीटीवी कैमरे लगा लिए गए हैं, तब जाकर राज्य स्तर से सीसीटीवी कैमरे भेजवाए जा रहे हैं।


धान खरीदी केन्द्रों में सप्लाई किए जा रहे सीसीटीवी कैमरे।

चूंकि धान खरीदी कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में रायपुर से थोक मात्रा में सीसीटीवी की खरीदी कर खरीदी केन्द्रों में मार्कफेड द्वारा कैमरे भेजवाएं जा रहे है, जिसका औचित्य लोगो को समझ नहीं आ रहा है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। जैसे–जैसे समय कम हो रहा है, उपार्जन केंद्रों पर किसानों की बेचैनी और भीड़ दोनों बढ़ने लगी है। वर्तमान स्थिति यह है कि खरीदी के लिए अब कैलेंडर के हिसाब से केवल 32 दिन शेष बचे हैं, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अलग है। आगामी 32 दिनों के भीतर विभिन्न त्यौहारों और रविवारों को मिलाकर कुल 11 दिन अवकाश रहेगा। इसका सीधा अर्थ है कि किसानों के पास अपना धान बेचने के लिए अब सिर्फ 21 दिन ही शेष हैं। इन कम दिनों में जिले के हजारों किसानों का धान तौलना समितियों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने वाला है। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में केंद्रों पर भारी अव्यवस्था और लंबी कतारें देखने को मिल सकती हैं। धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासन ने केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि जिले में जब आधे से ज्यादा धान की खरीदी पूरी हो चुकी है और जिले के लगभग सभी धान खरीदी केन्द्रों मे सीसीटीवी कैमरा लगा लिए गए थे, तब जाकर राज्यों सें मार्कफेड द्वारा कैमरे भेजवाए जा रहे हैं। ऐसे में इस लेटलतीफी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि, आधे काम के बाद कैमरे लगाने का क्या औचित्य, जबकि जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में प्रारंभ से ही सीसीटीवी कैमरे का इंतजाम कर लिया गया था। फिर उसी कार्य के लिए दोबारा खर्च करने की आवश्यकता क्यों। इस संदर्भ में धान खरीदी केन्द्रों से संबंधित अधिकारियों से चर्चा किए जाने पर बताया कि सभी केन्द्रों में धान खरीदी की शुरूआत के समय ही सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए थे। राज्य स्तर से फिर सीसीटीवी कैमरे भिजवाए जा रहे हैं, जिससे धान खरीदी की स्थिति पर नजर रखी जा सके।

# जिला अस्पताल में मिलेगी सीटी स्केन की सुविधा

**मुंगेली।** जिले में नए वर्ष की शुरूआत के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होगा। लम्बे इंतजार के बाद जिला अस्पताल सीटी स्केन की सुविधा से लैस होगा। जिला अस्पताल में सीटी स्केन की सुविधा प्रारंभ होगी। जिससे हड्डियों, अंगों, ऊतकों और रक्त वाहिकाओं में चोटों, बीमारियों जैसे कैंसर और असामान्यताओं का पता लगाने में मदद मिलेगी। जिले को आज नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) प्राप्त हुआ है। अत्याधुनिक जांच उपकरणों, अनुभवी स्वास्थ्यकर्मियों एवं निःशुल्क दवाओं से युक्त यह यूनिट दूरस्थ अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

31 दिसम्बर को वर्ष के अंतिम दिवस प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत नवा रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति



में प्रदेश के समस्त जिलों के साथ मुंगेली को 1 मेडिकल मोबाइल यूनिट प्राप्त हुआ। जिला अस्पताल में जल्द ही सीटी स्कैन की सुविधा प्राप्त होगी। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने बताया कि सिटी स्केन एक मेडिकल इमेजिंग टेस्ट है जो शरीर के अंदर की विस्तृत, 3डी तस्वीरें बनाने के लिए एक्स-रे और कम्प्यूटर का उपयोग करता है। जिससे हड्डियों, अंगों, ऊतकों और रक्त वाहिकाओं में चोटों, बीमारियों जैसे कैंसर और असामान्यताओं का पता लगाने में मदद मिलती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं डीपीएम डॉ. गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिला अस्पताल में सीटी स्केन मशीन का इंस्टालेशन पूर्ण हो चुका है इसके संचालन के लिए टेक्निशियन की नियुक्ति हो गई है।

# एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न

**लोरमा।** प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों को चरणवार तीन जोन में एफएलएन प्रशिक्षण आत्मानंद स्कूल सारधा में दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 चरणों में संपन्न होना है।इसके तहत 742 शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अभी तक 495 शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। द्वितीय चरण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले मौजूद रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि एबीओ सुनील शर्मा एवं विकास खंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे थे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने शिक्षकों से सीधे संवाद कर नवीन पाठ्य पुस्तक की विशेषताओं और शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने न केवल नवीन पाठ्यक्रम के बारीकियों को साझा किया, बल्कि नवजात परख परीक्षा पे चर्चा जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर भी मार्गदर्शन किया।



विकासखंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे ने शिक्षकों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, एनईपी बदलाव के साथ 10 प्लस टू के स्थान पर नवीन संरचना को शिक्षा में स्थान दिया गया। एबीईओ सुनील शर्मा ने कहा कि, एफएलएन के आधार पर गतिविधि आधारित शिक्षा दी जा रही है, जिसके अनुरुप बच्चे कक्षा के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने सफल हो रहे हैं।

# महान व्यक्तित्व के धनी थे अटलजीः मोहले

**मुंगेली।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में मुंगेली विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुख्यवक्ता के रूप में विधायक मुंगेली एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पुन्नूलाल मोहले तथा संभाग सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला रहे।

सम्मेलन का स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने 24 दलों को मिलाकर सरकार चलाया और एक वोट ना खरीदकर उच्च आचरण का व्यवहार करते हुए सरकार को गिर जाने दिया, आज अटल जी के आदर्शो को आत्म सात करने का समय है। पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने कहा कि अटल जी हमारे पितृ पुरुष हैं उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर हमारे भविष्य को संवारने का काम किया है।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने कहा कि अटल जी ने भारत के गांव में सड़कों का जाल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बिछाया जो आज ग्रामीण व शहर के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। पूर्व सांसद लखन लाल साहू ने कहा कि अटल जी ऐसे नेता रहे जिनको अजातशत्रु की उपाधि मिली थी उनका कोई भी शत्रु नहीं था। संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने कहा कि आज हमारा छत्तीसगढ़ विकास की ओर उन्मुख हो रहा है उसका एकमात्र कारण अटल जी हैं। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि अटल जी महान व्यक्तित्व के धनी थे मैं उनको बारंबार नमन करता हूं। अंत में आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष सोम वैष्णव ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने किया। इस अवसर पर दुर्ग प्रभारी एवं किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी कैलाश शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, रजनी मानिक सोनवानी, उमाशंकर साहू, पुष्पलता पद्मिनी मोहले, चित्रलेखा जांगड़े, नरेश पटेल, पंकज सिंह, प्रेम आर्य, द्वारिका जायसवाल, लोकनाथ सिंह, वीनू पांडे, बिसाहू राम पटेल, हरिशंकर वर्मा, मानस सिंह बैस, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सौरभ बाजपेयी, नागेश्वर जायसवाल, सुखचंद साहू, अभिलाष त्रिवेदी, सविता जायसवाल, श्वेता सोनी, रितिमा लाल, मिट्ठु लाल यादव, डॉ आशुतोष पांडेय, सोम वैष्णव, बंसी सिंह, नरेन्द्र सिंह, मानिक सोनवानी, नितेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर हड़ताल जारी



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। अनुसूचित जन जाति छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज ध्रुव, लिपिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोती राम यादव, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष पंकज खांडे लिपिक कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष जितेंद्र पांडेय पुरुषोत्तम यादव लिपिक सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

### विभिन्न गांवों के विकास कार्यों के लिए मिली 5 करोड़ की स्वीकृति

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कृषि उपज मंडी समिति अंतर्गत



विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम विकास के लिए 5 करोड़ 45 लाख 42 हजार राशि की स्वीकृति मिली है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए इतनी राशि स्वीकृत कराऊंगा की तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव की हर गली हर मोहल्ला में विकास की तस्वीर स्पष्ट नजर आएगी। बिना किसी भेदभाव के विकास की आंखों से ही पूरे विधानसभा को देखा जाएगा और मेरा अनुमान है कि मेरे इस पंचवर्षीय कार्यकाल में विकास कार्य की हर संभावना में आवश्यकता से अधिक की पूर्ति होगी और तखतपुर विधानसभा क्षेत्र आदर्श विधानसभा क्षेत्र की दिशा में शिखर की बुलंदी की ओर जाएगा।

### सोल्हाबेल्हा में सात दिवसीय सतग्रंथ संगीतमय प्रवचन



**तखतपुर।** सात दिवसीय सतग्रंथ का आयोजन सोल्हाबेल्हा में किया गया है जिसमें राज महंत मानदास अनंत ने सतनाम भजन के माध्यम से लोगों तक ज्ञान वर्धक संगीतमय प्रवचन किया। इस सतग्रंथ आयोजन में आसपास के ग्रामीण उपस्थित हो रहे है और प्रवचन सुनकर अपने जीवन कृतार्थ कर रहे है। प्रवचन अवसर पर कार्तिक राम, पुन्नी दास, अमलतास, पिल्लूराम साहू, मनीराम, ईश्वर कुर्रे, संतोष दिवाकर, तिलकराम, मानदास, सेवक राम, सूरज कुर्रे, मनहरण, संजय टुंडे, गंगा सोनवानी, संतोष दिवाकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बोदरी के वार्ड क्रमांक तीन में मनी गुरु घासीदास जयंती

**बिलासपुर।** बोदरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 3 में समाज द्वारा गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजित किया गया। वार्ड में



स्थित जयस्तंभ में ध्वजारोहण कर पूजन अर्चन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पंथी नृत्य के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा व मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार कौशिक थे। अथितियों में सभापति विजय वर्मा, उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा, सभापति फिरतुराम बनवारे, विजय पार्षद अतुल ध्रुव, पूर्व पार्षद लक्ष्मीनारायन मरावी, रामेश्वर ध्रुव, विष्णु साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि गुरु घासीदास का मुख्य संदेश ₹मनखे-मनखे एक समान₹ था, जो समानता, सत्य, अहिंसा, और सामाजिक समरसता पर जोर देता है। विजय वर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के 7 प्रमुख सिद्धांत सतनाम पर अटूट विश्वास, जीव हत्या और मांस-मदिरा का त्याग, चोरी-जुआ से दूरी, जाति-पाति का विरोध, और सत्य, अहिंसा व समानता पर आधारित हैं। कार्यक्रम में समाज के प्रहलाद टंडन, माखन दिवाकर, शंकर टंडन, जवाहर बंजारे,वीरेंद्र टंडन, कमलेश टंडन, बिंदा दिवाकर, विशाल दिवाकर, भोला टंडन, शिव टंडन, राजकुमार दिवाकर, राजकिशोर दिवाकर, राज टंडन, विनोद बंजारे, हरि राम डोंगरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### रामगढ़ वृद्धाश्रम में लगा राहत शिविर, कंबल वितरित



**मुंगेली।** रामगढ़ वृद्धाश्रम में एक राहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां चेतना वरिष्ठ महिला संघ की अध्यक्ष उमा शर्मा एवं सभी पदाधिकारियों ने बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और कंबलों एवं फल का वितरण किया। इस अवसर पर उमा शर्मा ने बताया कि ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर समाज के अंतिम व्यक्ति अमन चैन से जीवन जी सके। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने सियान सदन में संस्था की संरक्षक रजनी बाजपेई और उर्मिला सोनी के सानिध्य में नवंबर एवं दिसंबर माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन था उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

### शाकंभरी देवी की जयंती 3 को मनाएगा हरदिहा मरार पटेल समाज

**देवरी/मुंगेली।** हरदिहा मरार पटेल समाज की ईष्ट मां शाकंभरी देवी की जयंती 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम देवरी में नवयुवक पटेल समाज ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौष पूर्णिमा के दिन मां शाकंभरी जयंती मनाया जाएगा। नवयुवक पटेल समाज ने बैठक रखकर समाज के सभी लोगों को आह्वान किया गया कि इस दिन खेती बाड़ी एवं बाजार हाट बंदकर सभी को मां शाकंभरी जयंती मनाने की निर्णय लिया गया।




HAPPY
New Year
2026
नववर्ष पर लें नवसंकल्प
स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है, यही जीवन को सेहतमंद और सफल बनाता है, आइए नववर्ष में सेहतमंद रहने का संकल्प लें...
डॉ. ललित माखीजा
एम.एस., मोतियाबिंद फेको सर्जन एवं लेसिक लेजर विशेषज्ञ
डायरेक्टर - विनायक नेत्रालय, बिलासपुर
डॉ. संदीप तिवारी
नेत्ररोग विशेषज्ञ
फ़ेको कैटरेक्ट एवं लेज़र सर्जन
डायरेक्टर - संकल्प नेत्रालय, बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. चंद्रशेखर उइके
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
पी.जी.सी.डी.एम., सी.सी.ई.बी.डी.एम.
डायरेक्टर - न्यू वंदना हॉस्पिटल, नेचर सिटी गेट मुगेली रोड, बिलासपुर
डॉ. स्वाति खापर्डे
एमडी ओब्स एंड गायनी
गायनिक हिस्टरोस्कोपिक एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, आईवीएफ स्पेशलिस्ट
डॉ. श्रीकांत गिरी
एम.डी., शिशु रोग विशेषज्ञ
डायरेक्टर - शिशु भवन, बिलासपुर
डॉ. रजनीश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (मेडिसिन)
एफ. आई. एस. एन. (न्यूरोलॉजी)
डायरेक्टर - प्रथम हॉस्पिटल, बिलासपुर
डॉ. प्रशान्ना सिंह
कंसलटेंट रेडियोलॉजी
डायरेक्टर - बालाजी डायग्नोस्टीक
सिम्स ओपीडी के सामने, बिलासपुर
डॉ. अखिलेश देवरस
एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी.
डी.एन.बी., एफ.सी.जी.पी.
डायरेक्टर - वासुदेव क्लीनिक, बिलासपुर
डॉ. अंकित ठकराल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ)
डायरेक्टर - यूनिटी हॉस्पिटल, बिलासपुर
डॉ. राजेश सिंह गौतम
M.D., D.M. Nephrology, IKDRC Ahmedabad
Senior Consultant
Nephrologist & Transplant Physician
Kidney & Hypertension Specialist
डायरेक्टर - सन साईन हॉस्पिटल, बिलासपुर
डॉ. विजय कुमार कुर्रे
न्यूरोसर्जन एवं न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर - श्री विजय वंदना हॉस्पिटल
डॉ. कमलेश मौर्य
MBBS (Surg.), DNB (Urology)
Fellow lab Urologist (Taiwan)
Consultant Urology & Laparoscopic Surgeon
डायरेक्टर - मार्क हॉस्पिटल, बिलासपुर
डॉ. संतोष उद्देश
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
डायरेक्टर
श्री विजय वंदना हॉस्पिटल, बिलासपुर
डॉ. अभिषेक घाटगे
DNB (ऑर्थो), फैलो ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (जर्मनी)
फैलो आर्थोस्कोपी (ईटली)
डायरेक्टर - गजानन स्मृति चिकित्सालय, बिलासपुर
डॉ. राजेश यादव
(B.P.T.)
डायरेक्टर
न्यू जनता हॉस्पिटल, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के लिए 10.81 करोड़ रुपए स्वीकृत

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव के प्रयास से सड़क निर्माण के पांच कार्यों के लिए 10 करोड़ 81 लाख 66 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। करोड़ों के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए अरुण साव जी के प्रति आभार प्रकट किया है। जारी आदेश के अनुसार, मुंगेली जिले के बावाडोंगरी से कोसाबाड़ी मार्ग लंबाई 1.15 किमी. निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 46 लाख 98 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। कोदवा से मोहबंधा मार्ग लंबाई 2.35 किमी. निर्माण कार्य के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल किया गया है। जिसके लिए 3.19 करोड़ 77 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान किया है। राज्य मार्ग से सेनगुड़ा तक मार्ग लंबा 2.50 किमी निर्माण 2 करोड़ 55 लाख 63 हजार की लागत से किया जाएगा। डोंगरिया मेन रोड से मण्डी पहुंच मार्ग लंबाई 1.80 किमी. निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 89 लाख 85 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवरंगपुर नवापुल से डी-3 हेडपुल मार्ग लंबाई 1.60 किमी निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 69 लाख 40 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### एटीआर के 150 से अधिक कर्मचारी न्याय पद यात्रा में होंगे शामिल



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ अचानकमार टाइगर जिला विभागीय समिति की आवश्यक बैठक प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू की अध्यक्षता में छपरवा में आयोजित की गई। कामता प्रसाद साहू ने बताया कि, कर्मचारियों के नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित होने वाली न्याय पदयात्रा के संबंध में एटीआर विभागीय कर्मचारियों की आवश्यक बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से न्याय पद यात्रा का समर्थन और स्वागत किया। अपनी मांगों के निराकरण के लिए सभी कर्मचारियों ने परिवार सहित न्याय यात्रा में शामिल होने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक में जिला महामंत्री जिला संयोजक नवल प्रजापति, जिला महामंत्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मरावी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मरावी, उमर दास लहरे, ईतवारी सागरिया, सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष लोरमी कामता जायसवाल, छपरवा उदय यादव, अचानकमार गीता राम साकत, कोटा मानसिंह मसराम, सुरही सचिव सहदेव यादव एवं लालू गोस्वामी, कुलदीप, बलीराम, राजू, शत्रुहन, ओम प्रकाश, रामसिंह बैगा, लालजी, योगेन्द्र, लक्ष्मण, राजेन्द्र, सोनू, दिलीप, मुन्ना, गणेश, अजय, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषि अधिकारी संघ के नववर्ष कैलेंडर का विमोचन



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के नव वर्ष कैलेंडर का विमोचन उप संचालक कृषि बिलासपुर पीडी हथेश्वर एवं सहायक संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने टेबल कैलेंडर और वॉल कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी ने उप संचालक और सहायक संचालक का स्वागत कर नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। संघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्री ने समस्त कृषि अधिकारियों और जिले के समस्त कृषकों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, ये कैलेंडर शासकीय कर्मचारियों के साथ सभी कृषकों के लिए अपने कार्य के समुचित नियोजन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्री, जिला सलाहकार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके आहिरे, जिला सलाहकार पुरुषोत्तम राठौर, सीपी महिलाने, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप रात्रे, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खांडेकर, तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष असित तिर्की, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष कलेश्वर बंजारे, जिला प्रबंध समिति सदस्य विजेंद्र कुमार सिंह व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# नए साल पर श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार धर्मनगरी मल्हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

नव वर्ष को मंगलमय बनाने और 2025 की विदाई की बेला को यादगार बनाने आज हजारों की संख्या में लोग धर्मनगरी मल्हार पहुचेंगे, जहां वे अपने परिवार में खुशहाली व साल 2026 में उन्नति की कामना के साथ मां डिडनेश्वरी व भगवान पातालेश्वर का दर्शन करेंगे। इस बार ठंड शुरू होते ही पर्यटकों व दर्शनार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में नए साल के मौके पर 10 हजार से ज्यादा लोगों के मल्हार पहुंचने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में ऐतिहासिक नगरी मल्हार की गिनती होती है, जहां देवी देवताओं के अलावा हजारों की संख्या में प्राचीन मूर्तियां स्थापित है, जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय होता है। यहां के प्राचीन गढ़ किले की प्राकृतिक सुंदरता लोगों को बरबस ही खींच लाती है। भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन इस संरक्षित स्थल में उत्खनन के दौरान राजमहल की निशानी मिली थी, जिसको विभाग ने संरक्षित कर रखा है। प्राकृतिक सुंदरता के बीच इस स्थल को आम लोग करीब से देख सकते हैं।

### हजारों लोग करेंगे मां डिडनेश्वरी व भगवान पातालेश्वर का दर्शन



#### देउर गार्डन की खूबसूरती

पातालेश्वर मंदिर के अलावा देउर मंदिर प्रांगण का आकर्षक गार्डन भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है, जहां वे परिवार के साथ दिनभर मनोरंजन कर सकते हैं। साथ ही यहां की मूर्तिकला भी संस्कृति प्रेमियों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, जसकी प्राचीन पत्थरों में कलात्मक कलाकृति लोगों को अपनी ओर खींच लेती है। साथ ही नंद महल की विभिन प्राचीन प्रतिमाएं व परगनिया बाबा का भव्य रूप आस्था का केंद्र है। देउर मंदिर में अवस्थित भीम कीचक की सुंदर प्रतिमा व यहां के पौराणिक महत्व के सरोवरों का दर्शन व स्नान श्रद्धालु श्रद्धा भक्ति के साथ करते है।

#### पातालेश्वर परिसर में आस्था का संगम

नगर के मेला चौक स्थित पातालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित स्टोर रूम में पाषाणकालीन हरिहर विष्णुजी की अद्भुत प्रतिमा है, पुराविदों के अनुसार यह प्रतिमा भारत की पहली भगवान विष्णु की पाषाण प्रतिमा है, जो यहां विराजमान है। इसी जगह भगवान विष्णु की शेषशैया वाली अत्यंत ही आर्कषक प्रतिमा है, जो मल्हार के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा हनुमानजी की अहिरावण वध वाली प्रतिमा भी लोगो को अपनी ओर खींचती है। यहां का सुंदर गार्डन भी परिवार के साथ समय बताने के लिए उपयुक्त है।

# खड़े ट्रेलर में लगी आग, साढ़े तीन साल के बच्चे की जलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



थाना क्षेत्र अंतर्गत सांधीपारा वार्ड क्रमांक 7 में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खड़े ट्रेलर में अचानक आग लगने से साढ़े तीन वर्ष के मासूम बच्चे की जलकर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सांधीपारा निवासी संजय यादव पेशे से ट्रक चालक है। वह ट्रेलर से माल खाली करने के बाद सुबह करीब 10 बजे गाड़ी को वार्ड में खड़ा कर खाना खाने घर चला गया। उसी समय उसका एक दोस्त भी अपनी गाड़ी खड़ी कर घर चला गया था। बताया जाता है कि संजय यादव का पुत्र खेलते-खेलते उसके दोस्त की ट्रेलर में चढ़ गया। दोपहर करीब 2 बजे अचानक ट्रेलर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख और बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बच्चा गंभीर रूप से झुलस चुका था। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्चे को बाहर निकलवाया, लेकिन जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।मासूम की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गर्ल्स स्कूल के बाहर मिली अज्ञात अधेड़ की लाश



**रतनपुर।** ग्राम बेलतरा क्षेत्र के आसपास करीबन 1 वर्ष से भीक्षा मांगकर जीवन यापन करने वाले अज्ञात अधेड़ की लाश रतनपुर स्थित गर्ल्स स्कूल के बाहर मिली है। उक्त अधेड़ ग्राम बेलतरा रतनपुर कन्या मिडिल स्कूल के बाहर मंच में निवास करता था। 29 दिसंबर को दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच स्कूल के मंच पर वह मृत अवस्था में पाया गया। मृतक नीला रंग का लोवर पहना हुआ है। दाढी मूंछ सफेद है। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 25 टन चावल गबन करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**तखतपुर।** ट्रक में 25 टन चावल लोड कराकर गडहनी बिहार भगने वाले आरोपी को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा इसके खिलाफ धारा 316,3 के तहत मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ब्रजेश कुमार सिंह ने 8 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि नवरंग राईस मिल से वाहन ट्रक क्रमांक बीआर 1 जीएम 7496 का चालक अमरनाथ चौधरी 25 टन चावल को ट्रक में लोड कराकर गडहनी आरा बिहार के लिए रवाना हुआ जो डिस्टलरीज एण्ड बाडलर्स प्रालि यूनिट-3 डिस्टलरी डिविजन विलेज़ देवरी गडहनी आरा भोजपुर बिहार न पहुंचाकर उक्त 25 टन चावल को गबन कर दिया है रिपोर्ट पर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ किया और ट्रक बीआर 1 जीएम 7496 को सुरतजा पेट्रोल पंप चकसिंकदर बिहार से जब्त किया गया था। सीडीआर व टावर लोकेश के आधार पर पुलिस की टीम पुनः हाजीपुर बिहार पहुंचकर आरोपी अमरनाथ चौधरी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### सोशल मीडिया प्रभारी बने राजेश्वर



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी ने राजेश्वर सिंह टंडन को मुंगेली विधानसभा के सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने राजेश्वर टंडन के संगठन में सक्रिय निष्ठा और अनुशासित कार्यशैली के चलते उन्हे यह जिम्मेदारी दी गई है। श्री टंडन लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा में जुड़े थे।

## निधन

### पं. रविन्द्रनाथ पांडेय



**बिलासपुर।** तेलीपारा निवासी स्व. गोकर्ण पान्डेय के पुत्र पं. रविन्द्र नाथ पांडेय का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पं. देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में संपन्न हुआ। वे मधु अवस्थी के बड़े भाई, अशीष एवं सोनू पांडेय के पिता एवं लक्की एवं नमन पान्डेय के बड़े पिता थे।

### निर्मला दीवान



**बिलासपुर।** सुंदर नगर निवासी श्रीमती निर्मला दीवान 74 वर्ष पति जलेश्वर धर दीवान नवागढ़ वाले (अशोक घर दीवान) का निधन हो गया। वे स्व. राजा दीवान, सोना दीवान, डॉ राजश्री शुक्ला की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट में किया गया।

### नंदराम श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम चोरभट्ठीखुर्द के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. नाथूराम श्रीवास के पुत्र नंदराम श्रीवास का 48 साल की आयु में 30 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे श्यामलाल, सालिकराम, मालिकराम श्रीवास के भाई थे।

### विनय कुमार तिवारी



**बिलासपुर।** गनियारी निवासी और एलआईसी अभिकर्ता विनय कुमार तिवारी का 56 वर्ष की उम्र में गुरुवार 31 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गनियारी के मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष कुमार तिवारी और गोपाल तिवारी के भाई थे।

# मौहामांचा में 75 मरीजों की जांच



**लोरमी।** विकाखण्ड के सुदूर वनांचल स्थित बैगा ग्राम मौहामाचा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन के लिए जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी मरीज 7,सर्दी-खासी 29, दाद खाज खुजली 6, बुखार के 4, हाईपरटेंशन के 2, कमजोरी 10, हाथ पैर दर्द 7, आंख के 2 सहित अन्य 9 मरीजों की जांच कर दवाई एवं आवश्यक परामर्श तथा बचाव संबंधी पाम्पलेट वितरण कर जानकारी दी गई। दिया गया। साथ ही टीबी मरीजों के संदेहास्पद मरीजों का जिसके बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इस दौरान जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएचओ शिवपल धनकर सहित मितानीन मौजूद रहे।

# 40 क्विंटल धान परिवहन करते वाहन जब्त



**लोरमी।** खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने दबिश देकर एक मालवाहक वाहन से 100 बोरी (40 क्विंटल) अवैध धान परिवहन करते पकड़कर थाना कोटा को सुपुर्द किया है।

जिला खाद्य अधिकारी मुंगेली एवं अनुविभागीय अधिकारी अजीत पुजारी के निर्देशन में खाद्य निरीक्षक मनोज साहू, राहुल श्रीवास एवं सहकारिता निरीक्षक मुकेश राजपूत के संयुक्त दल तथा जिला बिलासपुर के दल द्वारा अंतरजिला धान व्यापारी दिनेश राज पिता जोहन सिंह राज, निवासी - डिंडौरी को गाड़ी क्रमांक सीजी 04 क्यूपी 8816 में 100 बोरी (40 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन करते ग्राम चंगोरी तहसील कोटा जिला बिलासपुर में जप्त कर, कोटा पुलिस थाने में सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में कोटा नायब तहसीलदार राकेश ठाकुर व मंडी समिति बिलासपुर के कर्मचारी रहे। इस कार्यवाही में कवर्धा जिला के सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा का विशेष योगदान रहा है।

**शपथपत्र**

मैं श्रीमती अंजली सैनी उम्र 27 वर्ष पति श्री अनुज सैनी/पिता श्री अनिल कुमार येउलकर निवासी प्रिन्स वैली स्कूल के पास, रामा लाइफ सिटी के पीछे, संस्कृति विहार, सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की निवासिनी हूँ। जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करती हूँ। 1. यह की मैं उपरोक्त नाम एवं पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा विवाह दिनांक 22-11-2025 को श्री अनुज सैनी पिता श्री उमेश कुमार सैनी निवासी सकरी जिला बिलासपुर वाले से परिवार वालों के समक्ष हिन्दू रीति रिवाजो से संपन्न हुआ है। यह कि विवाह पूर्व मै अंजलि येउलकर पिता श्री अनिल कुमार येउलकर निवासी कोनी जिला बिलासपुर के नाम से जानी-पहचानी एवं पुकारी जाती थी। जो कि सत्य एवं सही है। 3. यह कि विवाह पश्चात मैं श्रीमती अंजलि सैनी पति अनुज सैनी निवासी संस्कृति विहार रामा लाइफ सिटी के पीछे सकरी जिला बिलासपुर के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ। 4. यह कि मैं यह शपथपत्र अपने

उपरोक्त कथनों के समर्थन में तथा अपने आधार कार्ड/बैंक खाता/शैक्षणिक प्रपत्र एवं समस्त शासकीय प्रपत्रों में अपना सरनेम (उपनाम) परिवर्तन एवं अपना नया पता दर्ज कराने के समर्थन में निष्पादित कर रही हूँ।

**श्रीमती अंजली सैनी पति अनुज सैनी**
**संस्कृति विहार, प्रिन्स वैली स्कूल के पास, रामा लाइफ सिटी के पीछे, सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**मो. 9098965858**

मप्र से लाई गई थी शराब, आबकारी विभाग ने मारा छापा

# डेली नीड्स की दुकान में मिली 148 लीटर अंग्रेजी शराब



**जीपीएम।** साल के आखिरी दिन आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई करते हुए कोटमी स्थित पैराडाइज डेली नीड्स दुकान से 148.40 लीटर मध्यप्रदेश से लाई गई शराब जब्त की है।

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि कोटमी स्थित पैराडाइज डेली नीड्स दुकान में बिक्री हेतु मध्य प्रदेश से लाई गई शराब रखी हुई है। सूचना पुलिस ने दुकान में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम को दुकान से 147 नग पाव गोवा, 173 नग बैगपाइपर व्हिस्की, 56 नग पाव रॉयल स्टैग व्हिस्की, 45 नग मैकडॉवेल नंबर 1 रम, 6 नग ओल्ड मग रम, 25 नाग कैन बियर की जब्ती बनाई गई। मामले में एक आरोपी संजय शर्मा को गिरफ्तार किया गया एवं मुख्य आरोपी राजेश शर्मा फरार हो गया है। इस कार्रवाई में मुकेश पांडे जिला आबकारी सहायक अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर आबकारी उप निरीक्षक पेंड्रा तुलेश कुमार देश लहरे आबकारी उप निरीक्षक मरवाही मुख्य आरक्षक सुधीर मिश्रा हरिकिशन पटेल आरक्षक इंद्रभान सिंह राठोर, शुभम रजक ब्रिटिश सुनीता यादव एवं वाहन चालक तुंग ध्वज जायसवाल शामिल रहे।


# साहू समाज की बैठक में सामाजिक विषय पर चर्चा



**सरगांव।** शनिवार को तहसील साहू संघ सरगांव के परिक्षेत्र पेंड्री स के आश्रित ग्राम बदरा ब में साहू समाज की एकदिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक विषय पर चर्चा एवं राजिम जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। साथ ही श्रद्धांजलि में कपड़ा नहीं लाने, मृत्यु भोज में साधारण भोजन एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला उपाध्यक्ष खेलावन साहू, न्याय प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सीता राम साहू, राजनीति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भेखचंद साहू, सचिव शंकर साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, मीडिया राकेश साहू, कृष्णा साहू, शोभनाथ साहू, सीताराम साहू, जपं सभापति मनीष साहू, दिलेश्वर साहू, खोरबहरा साहू, घनश्याम साहू, शंकर साहू, सुखदेव साहू, ललित साहू, मनोज साहू, संतोष साहू, जवाहर साहू, जगन्नाथ साहू, राजकुमार साहू एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## शब्द पहेली - 6095



**बाएँ से दाएं-**
1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 6094 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6105

✱✰✰✰✰ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

2026 का किया स्वागत



आयोजन

## छत्तीसगढ़ आईएमए को मिले 5 पुरस्कार



**बिलासपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व आईएमए हेड क्वार्टर में असिस्टेंट जॉइंट सेक्रेटरी डॉ विनोद तिवारी ने किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उपस्थित थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल थे। आईएमए के अध्यक्ष के रूप में अहमदाबाद के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल नायक ने पदभार ग्रहण किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जय शाह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गुजरात विधान सभा के अध्यक्ष श्री चौधरी थे। छत्तीसगढ़ को इस बार 5 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ, इसमें बेस्ट इमर्जिंग स्टेट, बेस्ट न्यूज़ बुलेटिन एवं व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता डॉ प्रभात पांडे, डॉ अरुण गोवर्धन और डॉ राजू भैसारे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ विनोद तिवारी, डॉ अनूप वर्मा, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ राजू भैसारे, डॉ अरुण गोवर्धन , शाहदिल खुसरो,देवेंद्र कश्यप,मुकेश साहू , शिवेंद्र शुक्ला, तुषार ओगले मौजूद थे।

# देर रात तक नए साल का सेलिब्रेशन

नए साल के आगमन और बीते साल की विदाई पर बुधवार देर रात तक जश्न मनाया गया। रात जैसे ही घड़ी में 12 बजें, पूरा शहर नए साल के जश्न में डूब गया, 2026 के स्वागत में सराबोर हो रहा। लोग नए साल का स्वागत जहां घरों पर आतिशबाजी, केट कटिंग और मिठाईयां बांटकर किया। वहीं होटलों व रेस्टोरेंट्स में न्यू ईयर पार्टी नाइट में सेलिब्रिटीज के साथ डीजे के गानों पर थिरकेते रहे।

**बिलासपुर।** शहर के होटल्स और रेस्तरां में न्यू ईयर पार्टी की खास तैयारी थी। लोगों की पार्टी नाइट में बड़ी संख्या में क्रेज को देखते हुए सुविधाओं और सुरक्षा संबधित पूरी व्यवस्था के साथ-साथ उनकी मनोरंजन का पूरा ध्यान रखा गया है। सेलिब्रिटी नाइट सेलिब्रेशन का दौर देर रात तक चलता रहा। इनमें सेलिब्रिटी विद सेलिब्रेशन, डीजे नाइट, म्यूजिक, डांस व लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुए हर कोई दिखा। रेस्टोरेंट्स के प्रबंधन ने बताया कि इस न्यू ईयर के वेलकम पार्टी में सिंगल, कपल्स और फैमिली के लिए इस नए साल को यादगार बनाने के लिए उनकी डिमांड पर इंटरटेनमेंट्स का फुल डोज रखा गया। इन होटल्स व रेस्टोरेंट्स में न्यू ईयर नाइट पार्टी की धूम रही।





### पटाखे फोड़ मनाया जश्न

न्यू ईयर के सेलिब्रेशन में लोगों ने देर रात 12 बजते ही पटाखे फोड़ जमकर जश्न मनाया,रंगीन स्काई सोट जलाकर खूब सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया में न्यू ईयर के पोस्ट व स्टोरी खूब वायरल हुई। हर कोई ने जश्न को खूब शेयर किया।



### आज पर्यटकों की भीड़

1 जनवरी को शहर के पार्क, गार्डन, कानन पेण्डारी जू सहित म्यूजियम में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए वहां की प्रबंधन ने खास व्यवस्था किया है। टिकट काउंटर की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ ही यहां नए साल की थीम पर विशेष साज सजावट भी की गई है. ताकि यहां पहुंचने वाले युवा, बच्चे और बड़े सभी को नए साल का फील आ सके और वे अपने फैमिली फ्रेंड्स के साथ इस दिन को यादगार बना सकें।

### केक और मिठाई बंटी

नए साल को लेकर विशेषकर बेकरी व स्वीट्स शॉप में लोगों की भीड़ देखने को मिली। बेकरी एवं स्वीट्स शॉप के संचालक आशुतोष वर्मा ने बताया कि हैप्पी न्यू ईयर-2026 लिखी हुई थीम पर लोगों से केक के ऑर्डर थोक में मिले हैं। वहीं मिठाईयों की भी डिमांड बढ़ गई है।

कार्यक्रम

## वित्तीय एवं कर साक्षरता पर संयुक्त संगोष्ठी का आयोजन



**बिलासपुर।** सीआईआरसी और आईसीएआई द्वारा बुधवार को वित्तीय एवं कर साक्षरता विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। क्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सीए गौरव माधव गुप्ता एवं सीए जी.एम. गुप्ता ने सहभागिता की। विशेष अतिथि के रूप में चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, बिलासपुर के अध्यक्ष श्री भागचंद बजाज उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में बिलासपुर के विभिन्न व्यापारिक संघों के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति सम्मिलित हुए। सत्र के दौरान जीएसटी से जुड़े प्रावधानों, अनुपालन, व्यावहारिक चुनौतियों एवं हालिया अपडेट्स पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने सरल उदाहरणों के माध्यम से जीएसटी की बारीकियों को स्पष्ट किया और सही अनुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि उपस्थित व्यापारियों से जमीनी स्तर की समस्याओं पर सीधे सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए गए। इन सुझावों के आधार पर जीएसटी विभाग को प्रस्तुत किए जाने हेतु प्रतिनिधित्व तैयार करने पर सहमति बनी, ताकि व्यापार जगत की वास्तविक चुनौतियों का समाधान नीति स्तर पर संभव हो सके। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की पहलें व्यापारियों में वित्तीय एवं कर साक्षरता बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासन और व्यापार समुदाय के बीच संवाद को सशक्त बनाती हैं।

# आत्म परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का लें संकल्प



राजयोग भवन की संचालिका ने नववर्ष पर दिए संदेश

**बिलासपुर।** नववर्ष का आगमन केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं है, बल्कि यह स्वयं को नए सिरे से पहचानने, अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने और समाज में श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना का संकल्प लेने का पावन समय है।

उक्त विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने नववर्ष के अवसर पर दिए अपने संदेश में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज का मानव बाहरी सुख-सुविधाओं के बावजूद आंतरिक शांति और संतुलन की कमी अनुभव कर रहा है। तनाव, असंतोष, क्रोध और भय जैसे विकार व्यक्ति के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में नववर्ष हमें यह अवसर देता है कि हम बाहरी परिवर्तनों के साथ ही आंतरिक परिवर्तन पर भी ध्यान दें। जब मन शांत, पवित्र और सशक्त होगा, तभी जीवन में सच्ची खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि आत्म-परिवर्तन ही विश्व-परिवर्तन की प्रथम सीढ़ी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और कर्मों को श्रेष्ठ बनाए, तो परिवार, समाज और राष्ट्र में स्वतः सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। अंत में उन्होंने समस्त नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### शांति, आनंद का कर सकता है अनुभव

बीके स्वाती दीदी न कहा कि राजयोग ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप शांति, प्रेम, आनंद और पवित्रता का अनुभव कर सकता है। यही अनुभव जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है। आज की भाग दौड़ भरी जीवन शैली में कुछ क्षण स्वयं के लिए निकालना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिदिन कुछ समय मौन, ध्यान और आत्मचिंतन के लिए देने से मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और निर्णय लेने की क्षमता सुदृढ़ होती है। नववर्ष पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम नकारात्मक सोच, व्यसनों और पुरानी कमजोरियों को छोड़कर सकारात्मक जीवन शैली अपनाएंगे।

### युवा शक्ति ही समाज, राष्ट्र का भविष्य

बीके स्वाती ने कहा कि युवा शक्ति ही समाज और राष्ट्र का भविष्य है। यदि युवा अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखते हुए आत्मबल, नैतिकता और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें, तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, बल्कि समाज को भी नई दिशा दे सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्था युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु मूल्य-आधारित शिक्षा और राजयोग ध्यान के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। आज पारिवारिक संबंधों में मधुरता बनाए रखना एक चुनौती बनता जा रहा है। संवाद की कमी और अहंकार के कारण रिश्तों में दूरी आ रही है। नववर्ष पर सहनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना को अपनाकर अपने रिश्तों को सशक्त बनाने का संकल्प लें।



### गणेश मंदिर में होगा हवन

रेल्वे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में नववर्ष की पूजा में सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की जाएगी। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजन दर्शन कर सकेंगे। अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### मां काली की होगी विशेष पूजा

काली मंदिर तिफरा में नववर्ष पर पुजारी पं. भवानीदास महराज के सानिध्य में मां काली की विशेष पूजा कर आरती की जाएगी। अंत में प्रसाद का वितरण होगा।

### हुआ सुंदरकांड का पाठ

श्री लक्ष्मीनारायण सेवा संघ, दैवी संपद मंडल एवं राधा गोपाल सत्संग सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में सदर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस आयोजन के मुख्य यजमान ठाकुर परिवार रहे।

### हेमूनगर में दी जाएगी प्रसादी

सुंदर काण्ड मंडल व बागेश्वरधाम सेवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में वेंकेटेश बालाजी मंदिर हेमूनगर के बगल में शुक्रवार 1 जनवरी को सुबह साढ़े 9 बजे हवन किया जाएगा। पूज्य गुरु महराज द्वारा सभी यजमानों को सिद्ध मंत्र प्रतिष्ठित रूद्राक्ष व ध्वज प्रसादी प्रदान की जाएगी।

# संयुक्त परिवार अपने आप में एक पाठशाला

**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी द्वारा मंगलवार को भारतीय संस्कृति चुनौतियां और संभावनाएं पर पद्मश्री से सम्मानित निवेदिता रघुनाथ भिड़े का विशेष व्याख्यान लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईजी डॉ संजीव शुक्ला थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संचालक प्रतीक शर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ संजीव शुक्ल ने कहा आज के समय में संयुक्त परिवार नाम की संस्था आज तेजी से टूट रही है, पहले संयुक्त परिवार अपने आप में एक पाठशाला हुआ करती थी, पहले बच्चा अपने दादा दादी, नाना नानी के साथ समय बिताते थे, जो उन्हें छोटी नैतिक कहानियो, संस्कारों की बातें सिखलाया करती थी। जिससे बच्चे को समाज में सामंजस्य बिठाने में कोई परेशानी नहीं होती थी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रतीक शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन एवं विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी की गतिविधियो के बारे में विस्तार से बतलाया। निवेदिता भिड़े ने व्याख्यान में इस विमर्श के दौरान,भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में जिन चुनौतियों का जिक्र किया, उसमे प्रमुख रूप से अपने संस्कृति के लिये गौरव बोध का अभाव,जीवन दर्शन की अनभिज्ञता और जीवन मूल्य का ह्रास, हमारे शास्त्रों में वर्णित चार पुरुषार्थों-धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के बीच उचित समन्वय न होना था। उन्होंने कहा कि धन संचय, पूंजीवाद और उपभोक्तावाद में इस कदर आसक्त हो जाना कि,बस भौतिक समृद्धि प्राप्त करने के चक्कर में सारे यत्न करना,पारिवारिक मूल्यों का पतन, आत्मानुशासन और समाज और राष्ट्र के प्रति वृहत्तर लक्ष्यों और दायित्व का अभाव आजकल देखने को मिल रहा है। निवेदिता ने अत्यंत सरल ही शब्दों में भारतीय जीवन दर्शन एवं जीवन मूल्य को समझाया, मनुष्य जीवन के जो लक्ष्य होते हैं, धर्म अर्थ काम मोक्ष, उन्हें व्यावहारिक जीवन में कैसे हासिल किया जा सकता, यह छोटे-छोटे उदाहरण के माध्यम से समझाया। कैसे हम वर्तमान जीवन में भारतीय संस्कृति की चुनौतियों से अपने बच्चों को बचाने उन्हें सनातन संस्कृति से जुड़ने एवं उनके वास्तविक अर्थ समझने की प्रेरणा दे सकते हैं। आभार डॉ ओम मखीजा ने किया, संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन नगर सह प्रमुख विवेक पांडेय ने किया ।



कार्यशाला

## कला विकास केंद्र की छात्राओं ने दी कथक की रंगारंग प्रस्तुति



**बिलासपुर।** कला विकास केंद्र द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान कला विकास केंद्र की छात्रा सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव, ओजस्वित राय, सृष्टि गर्व ने कथक प्रस्तुति दी। रवि प्रकाश ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और कथक नृत्य की झलकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर, डॉ. विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग, पं. सुनील वैष्णव, सुश्री वासंती वैष्णव कथक नृत्याचार्य रायगढ़ घराना, अरविंद दीक्षित उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यशाला के नृत्याचार्य रवि प्रकाश एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यशाला को कला साधना के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजक के प्रयासों की सराहना की।

लगातार दो मैच जीतकर बालाजी भिलाई की टीम अगले दौर में

# डीएमआई धमतरी व बालाजी भिलाई के बीच प्रतियोगिता का पहला सुपर ओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पोर्ट्स न्यूज

स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीन मैच खेले गए।पहला मैच डी.एम.आई इलेवन धमतरी और बालाजी भिलाई के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शुभ्रा गढ़ेवाल, डॉ.रक्षित जोगी, डॉ विजय सिंह और डॉ के के साव रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीएमआई इलेवन धमतरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 83 रन बनाए। डीएमआई इलेवन धमतरी की ओर से बल्लेबाज रघुवीर ने सर्वाधिक 17 गेंदों में 32 रन बनाए। बालाजी भिलाई के गेंदबाज राजा कुर्रे ने सर्वाधिक 4 विकेट अर्जित किए। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालाजी भिलाई की टीम निर्धारित 10 ओवरों 9 विकेट खोकर 83 रन ही बना पायी और मैच टाई हो गया। तत्पश्चात दोनों ही टीमों के मध्य सुपर ओवर खेला गया जिसमें बालाजी भिलाई की टीम 5 रनों से विजयी रही। बालाजी इलेवन के गेंदबाज राजा कुर्रे को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इस मैच में हरिभूमि महाप्रबंधक प्रियंक परिहार, सीएमडी महाविद्यालय के चेयरमैन संजय दुबे,समाजसेवी गीतेश साहू, एवं आशीष सिंह रहे। अतिथियों ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया।



### दूसरा मैच डीएमआई इलेवन धमतरी ने जीता

डीएमआई इलेवन धमतरी के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि शासकीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी के डीन डॉ बीपी सिंह,अपोलो के यूनिट हेड अभय गुप्ता, डॉ सुशील कुमार, डॉअमित वर्मा, डॉ मुकुल श्रीवास्तव रहें। अतिथियों ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। कोनी ग्रीक फाइटर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया और 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 110 रन बनाए। कोनी ग्रीक फाइटर्स की ओर से बल्लेबाज छोटू और बबलू ने 25- 25 रन बनाए। डीएमआई धमतरी की ओर से गेंदबाज यश और वेद प्रकाश ने 2- 2 विकेट अर्जित किए।10 ओवरों में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएमआई इलेवन धमतरी की टीम ने 9 वें ओवर में ही मात्र 6 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। डीएमआई इलेवन धमतरी की ओर से बल्लेबाज रघुवीर ने 28 गेंदों में शानदार 69 रन बनाए।रघुवीर को उनकी इस आतिशी बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## नेशनल फिन स्विमिंग में सिल्वर मेडल विजेता आरव किया गया स्वागत



पांचवी फिन स्विमिंग नेशनल चैंपियनशिप में आरव शर्मा ने 50 मीटर और 100 मीटर बाई फिंस में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। बिलासपुर वापसी पर रेलवे तरणताल में आरव शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। आरव शर्मा प्रशिक्षक हेमंत परिहार, संतोष पाल एवं शंकर पाण्डेय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सन 2020 से राज्य स्तरीय स्पर्धाओ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर तैराकी प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। वे सुनीता शर्मा एवं सुनील शर्मा का सुपुत्र हैं। अर्पित धारा ने राष्ट्रीय फिन स्विमिंग में 50 मीटर और 100 मीटर में फाइनल क्वालीफाई किया। अभय प्रकाश साहू जो कि ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी तैराकी प्रतियोगिता में ब्रॉस मंडल प्राप्त किया, उनका भी सम्मान किया गया है। प्रशिक्षकों का भी शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत समारोह में अमरनाथ सिंह, अनिल कुमार, बीएस यादव, पीके तिवारी, टी रमेश, नीरज पलेरिया, सुशील सिंह, अरूप धारा, सागर सिंह परिहार, आयुष राय, दिनेश सिंह, विनय सिंह,साहू, आदित्य मिश्रा, रोहन सुनीता सिंह, रमा सिंह, मनीषा पलेरिया, सोनू सिंह, पूनम पांडे, प्रियंका सिंह सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

# ढाई हजार करोड़ की तीन परियोजनाओं से सिंचाई के क्षेत्र में नई क्रांति लाने की तैयारी

सिंचाई सुविधाओं के क्षेत्र में क्रांति लाने ढाई हजार करोड़ की लागत वाली तीन नई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल द्वारा लीलागर नदी पर 379 करोड़ की पाराघाट व्यपवर्तन, 930 करोड़ की अहिरन-खारंग लिंक परियोजना एवं 1248 करोड़ की छपराटोला फीडर जलाशय योजना के माध्यम से न केवल खेतों की सिंचाई, बल्कि शहर एवं गांवों में भी बारहों महीने निस्तारी के लिए पानी देने की तैयारी है।

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फसलों की सिंचाई, गर्मी में गांव के निस्तारी तालाबों को भरने की जिम्मेंदारी व अमृत मिशन के तहत बिलासपुर शहर को पानी देने के लिए जिले में खारंग जलाशय से ही अपेक्षा होती है। ज्यादातर बार खारंग जलाशय इन अपेक्षाओं में खरा ही उतरता है, लेकिन कभी बारिश के अभाव या बेहद कमी के कारण कई बार अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

■ पाराघाट व्यपवर्तन, खारंग-अहिरन लिंक परियोजना एवं छपराटोला फीडर जलाशय योजना से बदल जाएगी तस्वीर

खरीफ व रबी फसलों को मिलाकर खारंग से अभी 208 गांवों की 56 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जा रहा है, लेकिन बायींतट नहर के अंतिम हिस्से में बसे गांवों को हर साल खारंग के लाभ से लगभग वंचित ही रहना पड़ जाता है। इस समस्या को गंभीरता से समझते हुए सिंचाई विभाग द्वारा खारंग जलाशय की बायीं तट नहर के आवर्धन हेतु 379.64 करोड़ की लागत से पाराघाट व्यपवर्तन योजना से उनवहन फीडर सिंचाई का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर बने पाराघाट व्यपवर्तन के अपस्ट्रीम में पंप हाऊस बनाकर ढाई मीटर व्यास वाली डबल पाईप लाईन बिछाकर पाराघाट शाखा नहर तक पानी लाने की योजना है। इससे मस्तूरी क्षेत्र के 93 गांवों को भरपूर पानी मिल सकेगा।

## परियोजना मंडल से मिली स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार



### 1248 करोड़ से बनाया जाएगा छपराटोला बांध

कोटा ब्लॉक में अरपा नदी पर छपरापारा में 1248 करोड़ की लागत से छपराटोला फीडर जलाशय योजना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत छपरापारा गांव में 56 मीटर ऊंचाई वाला बांध तैयार किया जाएगा। बांध तैयार होने के फलस्वरूप अरपा नदी में न केवल बाहरों महीने पानी की उपलब्धता रहेगी, बल्कि क्षेत्र के 22 गांवों के जलस्तर में बढ़ोतरी भी हो जाएगी। इस परियोजना से चार गांवों के 80 परिवार डुबान से प्रभावित होंगे, जिसमें 332 लोगों को विस्थापित करने की आवश्यकता पड़ेगी। 60 कच्चे एवं 20 पक्के मकान मालिकों को 4 करोड़ का मुआवजा भुगतान भी किया जाएगा। परियोजना में 448 हेक्टेयर वनभूमि भी प्रभावित हो रही है। विभाग द्वारा इस परियोजना से किसी भी उद्योग को पानी नहीं दिया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### अहिरन-खारंग को जोड़ने की तैयारी

खारंग को अहिरन नदी से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए खारंग-अहिरन लिंक परियोजना तैयार की गई है। 930 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत कटघोरा ब्लॉक के पोड़ी-गोसाई गांव में बांध बनाया जाना है। यहां से 47 किलोमीटर पाईप केनाल के द्वारा एवं 25 किलोमीटर गाजरीनाला में होते हुए ई-फ्लो द्वारा खारंग जलाशय में पानी भरा जाना प्रस्तावित है। चूंकि अमृत मिशन के अंतर्गत शहर एवं रतनपुर को भी पानी की आपूर्ति करना प्रस्तावित है, जिससे अहिरन-खारंग को जोड़ना महत्वपूर्ण निर्णय साबित होगा।

### स्वीकृति का है इंतजार

पीएफआईसी व परियोजना मंडल से परियोजनाओं को सहमति प्राप्त हो चुकी है। शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

-मधु कुमार चंद्रा, ईई खारंग डिवीजन

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों के 23 सौ पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए ज्ञापन

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए सहायक शिक्षकों के रिक्त 23 सौ पदों पर शीघ्र भर्ती करने की मांग को लेकर बेरोजगार युवकों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सहायक शिक्षक पद की पात्रता रखने, लेकिन भर्ती प्रक्रिया विगत लंबे समय से लंबित रहने से परेशान बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा है कि वे लगभग दो वर्षों से योग्य होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित हैं। आर्थिक स्थिति प्रतिकूल होने के बाद भी उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के द्वारा उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए विभाग को शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दो माह में पूर्ण करने का आदेश प्रदान किया है। यह पद उनके भविष्य, आजीविका एवं सामाजिक सम्मान से सीधा जुड़ा हुआ है। इधर भर्ती प्रक्रिया में लेटलतीफी के कारण कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा भी समाप्ति की ओर है। ऐसे में यह भर्ती उनके लिए अंतिम अवसर के समान है। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का पालन करते हुए शिक्षक भर्ती 2023 के 2300 रिक्त सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया एक अनुपात तीन में शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।

### मारपीट कर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाना नानी के घर में रहने वाली युवती के साथ मारपीट कर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती पिता की मृत्यु के बाद अपने नाना नानी के पास रह रही थी। इसी बीच उनका चिंगराजपारा श्यामनगर निवासी राज उर्फ राजा चौहान पिता दिलीप चौहान 24 साल से पहचान हुई। उसी दौरान युवती को घर में अकेले पाकर युवक डरा धमकाकर अनाचार किया। उसके बाद जोर जबरदस्ती करते हुए मारपीट कर संबंध बनाता रहा। युवती ने उसका विरोध किया तो युवक उसका पीछा कर परेशान करने लगा। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 376,, 2, 452, 506, 4, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार सवार तीन युवकों ने झूमाझटकी कर मोबाइल तोड़ा

**बिलासपुर।** टक्कर मारने के बाद कार सवार युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए एक अन्य युवक के साथ झुमाझटकी करते हुए उनसे मोबाइल छीनकर तोड़ दिया है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, समडिल निवासी योगेश कुमार साहू पिता अनिल कुमार साहू बिलासपुर वीआर प्लाजा में सुपरवाईजर का काम करते हैं। 30 दिसंबर की सुबह 10 बजे बाइक क्रमांक सीजी 10 एई, 9214 से अपने काम पर वीआर प्लाजा जा रहे थे। उसलापुर गोकने नाला के पास कार क्रमांक सीजी 11 बीएन, 2391 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने कार रूकवाया तो उसमें सवार तीन युवकों ने उल्टा उनके साथ झूमाझटकी करते हुए मोबाइल छीनकर सड़क में पटककर तोड़ दिया है। पुलिस ने योगेश कुमार की रिपोर्ट पर कार सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281,3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई 2025 को क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पुलिस परिजन की रिपोर्ट पर नाबालिग की तलाश में जुट गई थी। जांच के दौरान पता चला नाबालिग गुजरात में है। टीआई भावेश शेंडे के निर्देश पर पुलिस टीम ने गुजराज मेमाबाद में दबिश देकर कोनी निरतू निवासी सुबोध मधुकर पिता स्व. धरमलाल मधुकर 23 साल को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया, सुबोध मधुकर शादी करने की बात कहकर भगाकर लेकर गया था और शारीरिक संबंध बना रहा था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 87, 64, 2 एम, 65, 1 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत सुबोध मधुकर को गिरफ्तार कर लिया है।

## डीपीआर कंसल्टेंट के लिए एनएचआई प्रक्रिया तेज

# हर घंटे 25 हजार वाहनों का भार, बिलासपुर से सिमगा के बीच बनेगी 6 लेन सड़क




### लगभग 78 किमी पर नया निर्माण कार्य

सिमगा से बिलासपुर तक 6 लेन के निर्माण में सिमगा से सरगांव 42.45 किमी और सरगांव से बिलासपुर 35.50 किमी लगभग 78 किमी में 6 लेन का काम होगा। सिक्सलेन बनाने में करोड़ों रूपए की लागत आएगी जिसका अंदाजा डीपीआर अप्रूवल के बाद की लगाया जा सकेगा। खास बात यह है कि पहले से बनी 4 लेन की गुणवत्ता भी सुधारी जाएगी। 4 लेन के दोनों ओर एक -एक लेन अलग से तैयार होगी,जिससे मौजूदा सड़क पर आवाजाही में कुछ खास असर नहीं पड़ेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से रायपुर पहुंचनें में महज डेढ़ घंटे का समय लगेगा। एनएचएआई बिलासपुर से सिमगा सड़क की चौडाई बढ़ाकर 120 फीट करने जा रहा है। तकनीकी कंसल्टेंट को नए सिरे से डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बताया जा रहा है कि प्रतिघंटा 25 हजार वाहनों का भार सड़क पर बढ़ चुका है जिसके चलते सडक को फोरलेन से 6 लेन बनाया जा रहा है। सड़क बनाने से पहले मिट्टी को आधुनिक तरीके से दुरूस्त किया जाएगा।

एनएचएआई द्वारा किए गए एमसीडब्यू सर्वे में रायपुर से बिलासपुर के बीच प्रतिघंटे 25 से 30 हजार वाहनों के चलने की बात सामने आई है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई 4 लेन यानी लगभग 80 फीट है, जिसे बढ़कर 6 लेन किया जाएगा और 120 फीट सड़क होगी। रायपुर से सिमगा के बीच पहले से ही 6 लेन सड़क मौजूद है ऐसे में सड़क की चौड़ाई बढ़ने के बाद बिलासपुर से रायपुर के बीच की दूरी महज डेढ़ घंटे में पूरी होगी। अधिकारियों का कहना है 120 फीट सड़क एक्सप्रेस वे में किया जाता है, बिलासपुर से रायपुर के बीच व्यवसायिक क्षेत्र होने के कारण एक्सप्रेस वे बनाने में दिक्कत है, एक्सप्रेस वे बनने से दोपहिया और लाइट मोटर व्हीकल की आवाजाही पर कुछ हद तक कमी करनी पड़ सकती है, ऐसे में सड़क की चौड़ाई 6 लेन बनाई जा रही है, ताकि सभी तरह के वाहन 100 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकेगी।

वहीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई द्वारा खास इंतजाम भी किया जा रहा है। सोलर स्टेस्टे यानी केट आई, ब्लिंकर, रबल स्ट्रीव और साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

### मवेशी को बचाने की कवायद

अधिकारियों के अनुसार 100 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों के कारण सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही नहीं होनी चाहिए, लेकिन बिलासपुर- रायपुर के बीच काफी गांव मौजूद है। ऐसे में दुर्घटनाएं रोकना मुख्य चुनौती बना हुआ है। विभाग के अधिकारियों ने नई व्यवस्था पर काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत सुरक्षा की दृष्टि से सिमगा, टेमरी, किरना, पथरिया, मनियारी, मोहभट्ठा, हिर्री, सेंवार, कडार, ढेका और सिलपहरी के बीच सोलर स्टेट (केट आई), ब्लिंकर, रबल स्ट्रीट और साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

### ऐसे किया गया ट्रैफिक डेंसिटी सर्वे

पैसेंजर कार यूनिट यानी प्रति किलोमीटर वाहन ट्रैफिक को मापने के लिए ट्रैफिक डेंसिटी सर्वे कराया गया है। इस दौरान हाईवे स्ट्रेच के मौजूदा लेवल ऑफ सर्विस और वॉल्यूम टू कैपेसिटी के रैशियो का आंकलन किया गया है। टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही का सटीक डेटा लिया गया है, जो डेंसिटी एनालिसिस में काफी मददगार साबित हो चुका है।

### स्वॉल स्टेटलाइजेशन का उपयोग

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुकेश पारगनिहा ने बताया कि पहले से बने स्ट्रक्चर में कई तरह की दिक्कत आई है, इसका कारण भी मिट्टी की खराब है। इससे सबक लेते हुए डीपीआर में कंसल्टिंग टीम को डीपीआर में मिट्टी स्टेटलाइजेशन करने का प्रावधान शामिल किया गया है।

### हो चुका है जमीन का अधिग्रहण

एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार सिमगा से बिलासपुर तक सड़क निर्माण में जमीन पहले से ही अधिगृहित की जा चुकी है, हालांकि प्लोईओवर बनाने और सडक के ट्रनिंग पाइंट पर कुछ जगहों पर जमीन की कमी हो सकती है लेकिन इसके लिए भी प्रारंभिक सर्वे में कुछ जगहों को पाइंट किया गया है लेकिन डीपीआर सर्वे में स्थिति साफ होगी।

### 4 माह का समय लग सकता है

डीपीआर बनने में 3 से 4 माह का समय लग सकता है,सड़क पर अधिग्रहण नहीं होना है। पहले से ही एनएचएआई ने अपनी जमीन आवार्ड कर चुका है। डीपीआर फाइनल होने के कुछ ही दिनों में टेंडर कर काम शुरू किया जा सकता है।

-मुकेश पारगनिहा,प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई



गुम हुए मोबाइल पाने के बाद पुलिस के साथ खड़े लोग।

# पुलिस ने गुम हुए 20 लाख के 100 मोबाइल लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपकी एक आस, आपकी अमानत, आपके पास अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए 20 लाख के 100 मोबाइल बरामद कर लोगों को लौटा दिया है। अपने हाथ में गुम हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।

एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के विभिन्न थानों में मोबाइल गुमने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू टीम को गुम मोबाइल की पतासाजी कर संबिधितों को लौटाने का आदेश दिया था। एसीसीयू प्रभारी एडीशनल एसपी ग्रामीण अनुज कुमार के निर्देश पर चेतना अभियान के तहत साइबर सेल व एसीसीयू टीम के कर्मचारी गुम मोबाइल की पतासाजी में जुट गए थे। तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, ओडिशा, महाराष्ट्र में दबिश देकर गुम हुए 100 मोबाइल बरामद किए गए हैं,



जिनकी कीमत 20 लाख रुपए है। 31 दिसंबर को एडीशनल एसपी अनुज कुमार ने गुम मोबाइल को मोबाइलधारकों को लौटाया है। गुम हुए मोबाइल वापस पाने की आस छोड़ चुके लोगों को जब उनका मोबाइल लौटाया गया तो लोग काफी खुश हुए और बिलासपुर पुलिस के इस चेतना अभियान की सराहना करते हुए एसएसपी श्री सिंह सहित पुलिस के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# घने जंगल में जुआ खेलते पकड़े गए 8 जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने घने जंगल में दबिश देकर जुआ खेलते 8 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 1 लाख 18 हजार 700 रुपए, 7 मोबाइल, 3 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह को सूचना मिली बेलगहना से 35 किलो मीटर दूर बिलासपुर जीपीएम के सरहदी घने जंगल में बड़े जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। यह भी बताया गया फंड में जाने के लिए एक मात्र रास्ता है और जगह जगह पाइंटर मुखिबर बैठाकर रखे हुए हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर प्रभारी सिंह ने स्टाफ के साथ पीछे से



घने जंगल में जाकर जुआ खेलते यश कुमार गंधर्व पिता लखनलाल गंधर्व 42 साल कोनचरा, अंसार अंसारी पिता निसार अंसारी 25 साल पडरापथरा, अविनाश श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास 21 साल बेलगहना, अमित यादव पिता स्व. श्यामलाल यादव 23 साल बेलगहना, रितेश पटेल पिता कलितराम पटेल 24 साल बेलगहना, रंजित गिरी पिता सालिकराम गिरी 25 साल सेमरिया कोटा, राजकुमार रजक पिता सुमन सिंह रजक 35 साल टेंगनमाडा, दीपक बिनकर पिता मानिकलाल बिनकर 24 साल बेलगहना निवासी को पकड़ लिया है। जुआरियों के पास से 1 लाख 18 हजार 700 रुपए, 3 बाइक, 7 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सकरी में सरपंच सहित 7 जुआरी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली बटालियन रोड में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होने स्टाफ के साथ मौके में घेराबंदी कर जुआ खेलते हांफा सरपंच जीतू जांगड़े पिता डीपी जांगड़े, दिलीप मिश्रा पिता बीपी मिश्रा उसलापुर, अमन सिंह पिता बलदाउ सिंह पथराताल मस्तूरी, अमित कौशिक पिता रामखिलावन हांफा, पुष्पराज सिंह पिता रामाधार ग्राम पुरान मुंगेली, महेन्द्र सिंह पिता राजेश्वर सिंह पथरताल मस्तूरी, उपेन्द्र सिंह पिता नंदलाल सिंह सकरी बटालियन रोड निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 56 हजार 600 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# वित्तीय अनियमितता: निगम का आरआई देवांगन सस्पेंड

**बिलासपुर।** राजस्व कर की वसूली कर निकाय कोष में जमा नहीं करने वाले जोन क्रमांक 2 के आरआई रामनारायण देवांगन को निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा उक्त राशि की वसूली आरआई रामनारायण देवांगन से करने के निर्देश दिए गए है,आरआई द्वारा राशि जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निलंबन अवधि के दौरान आरआई रामनारायण देवांगन का मुख्यालय राजस्व विभाग (विकास भवन) होगा।

ध्यान रहे कि नगर निगम के जोन क्रमांक 2 में पदस्थ राजस्व निरीक्षक रामनारायण देवांगन द्वारा जोन क. 02 में वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक संपत्तिकर, समेकित कर एवं यूजर चार्ज की वसूल की गयी राशि 14,18,207/- (चौदह लाख अट्ठारह हजार दो सौ सात रुपए) निकाय कोष में जमा नहीं किया गया,जो आर्थिक अनियमितता को दर्शाता है।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर

सर्वाधिक 2 हजार 18 फार्म बिलासपुर जिले से, आनलाइन फार्म भरने में दूसरे नंबर पर रायपुर जिला

# एसआईआर के दौरान प्रदेश में केवल 9 हजार वोटरों ने भरा आनलाइन फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान तहत मतदाताओं को आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा प्रदान की थी, लेकिन पूरे छत्तीसगढ़ में केवल 9 हजार मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है, जिसमें सर्वाधिक 2 हजार 18 फार्म बिलासपुर व दूसरे नंबर पर 1 हजार 815 फार्म रायपुर जिले से भराया है।

एसआईआर तहत आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा निर्वाचन आयोग ने दी थी। निर्वाचन आयोग ईसीआई के वेबसाइट पर आनलाइन गणना फार्म भरा जा सकता था, लेकिन आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा का लाभ उठाने वाले मतदाताओं की संख्या कम ही रही है। प्रदेशभर से केवल 9 हजार मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है। इसमें भी सबसे ज्यादा बिलासपुर जिले से 2 हजार 18 मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है। बिलासपुर के बाद दूसरे नंबर पर रायपुर जिले से 1 हजार 815 मतदाताओं ने आनलाइन फार्म भरा है। दुर्ग जिला आनलाइन फार्म के मामले में तीसरे नंबर पर रहा और दुर्ग से 1 हजार 501 मतदाताओं ने फार्म भरा है। बाकी जिले में आनलाइन फार्म की स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही। कई जिलों में तो 100 के आंकड़ा तक नहीं पहुंच पाया है और जशपुर जिला में तो केवल 5 मतदाताओं ने आनलाइन फार्म भरा है।

### बिलासपुर में 13 लाख 12 हजार ने भरा मैनुअल फार्म

बिलासपुर जिले में एसआईआर शुरू होने के पहले कुल 16 लाख 75 हजार 770 मतदाता थे, जिनमें से 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के गणना फार्म मैनुअल बीएलओ के पास जमा किया है। इसमें विधानसभावार देखें तो कोटा विधानसभा से 195297 मतदाताओं के फार्म, तखतपुर विधानसभा से 218516 मतदाताओं के फार्म, बिल्हा विधानसभा से 264705 मतदाताओं के फार्म, बिलासपुर विधानसभा से 168006 मतदाताओं के फार्म, बेलतरा विधानसभा से 198380 मतदाताओं के फार्म एवं मस्तूरी विधानसभा से 267319 मतदाताओं के फार्म जमा हुए हैं।

### 2 करोड़ से अधिक मतदाता

छत्तीसगढ़ में एसआईआर की प्रक्रिया चालू हुई उस समय प्रदेशभर में 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल थे। 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा गणना फार्म वितरण के साथ डोर-टू-डोर मतदाताओं का सत्यापन शुरू हुआ था और 4 दिसंबर तक यह काम चलना था। लेकिन निर्वाचन आयोग ने इसकी तिथि पहली बार 11 दिसंबर तक और दूसरी बार 18 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। इस तरह डोर-टू-डोर बीएलओ को सत्यापन करने और मतदाताओं को गणना फार्म भरने के लिए डेढ़ माह तक समय मिला। हालांकि 23 दिसंबर को मतदाता सूची का जो प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है, उसमें मतदाताओं की संख्या कम हो गई है।

### 3 लाख 63 हजार मतदाताओं के नाम कटे

निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत डोर टू डोर मतदाताओं के सत्यापन के पश्चात बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 63 हजार 547 मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनमें मृत्यु वाले, शिफ्टिंग या गणना फार्म जमा नहीं होने आदि कारणों से मतदाताओं के नाम कटे हैं। एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूची प्रारुप का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 6 विधानसभाओं में कुल 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं का नाम शामिल हैं।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152